तापमान
अधिकतम 27.6 डिग्री
न्यूनतम 10.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026


नववर्ष के पहले दिन मध्यनगरी शिव मंदिर में दर्शन करने लगी श्रद्धालुओं की भीड़।



## समय पर आकर मोबाइल एप से अटेंडेंस लगाना तो दूर, ऑफिस ही नहीं पहुंचे कर्मचारी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक जनवरी से शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति एक के जरिए उनके अपने मोबाइल पर दर्ज होने वाली थी। इस व्यवस्था का गुरूवार को पहला दिन था, और पहले दिन ही यह व्यवस्था चारों खाने चित नजर आई। अधिकारी-कर्मचारियों का निर्धारित समय पर ऑफिस पहुंचकर अपना अटेंडेंस दर्ज कराना तो दूर, वे कार्यालय में ही नजर नहीं आए। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने भी कर्मचारियों को नए साल के जश्न में डूबे होने की बात कहकर इस बात को नजरअंदाज कर दिया।

- कर्मचारियों के आगे बेबस नजर आया जिला प्रशासन

शासन के निर्देशानुसार एक जनवरी से शासकीय कार्यालयों में उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर नई व्यवस्था प्रारंभ की जानी थी। रजिस्टर में उपस्थिति के लिए प्रतिदिन हस्ताक्षर करने या ऑफिस में लगे बायोमेट्रिक मशीन के सामने खड़े होकर उपस्थिति दर्ज कराने वाली व्यवस्था पर गुरूवार से विराम लगना था। नई व्यवस्था के अंतर्गत कर्मचारियों को अपने मोबाइल में दो एप डाऊनलोड कर फेस रीडिंग प्रणाली के अंतर्गत उपस्थिति दर्ज करानी थी। गुरूवार को इस व्यवस्था के प्रभावशील होने का पहला दिन था और पहले ही दिन कर्मचारियों ने इसे ठेंगा दिखा दिया। कर्मचारियों की क्षीण उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए विभाग प्रमुख लीपापोती वाला बयान देते रहे। कई अधिकारी तो ऐसे भी थे, जिन्होंने साल का पहला दिन होने के कारण कर्मचारियों के परिवार सहित जश्न मनाने बाहर सैर सपाटे के लिए जाने की बात कह दी। नई व पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में लगभग सारे विभागों में माहौल नए साल वाला ही नजर आया। कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद कम थी और उपस्थित कर्मचारियों ने भी दोपहर बाद अपने-अपने घर की राह पकड़ ली थी। यह हालत किसी एक विभाग की न होकर मुख्यालय के सारे 126 विभागों की थी।

### पहले दिन ही टांय-टांय फिस्स हुआ मोबाइल एप पर अटेंडेंस का मामला




#### स्पष्टीकरण दिया जाएगा

कलेक्टोरेट में गुरूवार को 109 लोगों के बायोमेट्रिक हुए हैं। कुछ लोगों के नहीं हुए हैं, जिन्हें स्पष्टीकरण दिया जाएगा, ताकि इस बात की जानकारी मिल सके कि इसके पीछे टेक्निकल कारण हैं या कुछ और।

-संजय अग्रवाल, कलेक्टर

#### कलेक्टोरेट में ही ऐसा हाल तो बाकी विभागों से कैसी उम्मीद

मोबाईल एप के जरिए अटेंडेंस दर्ज कराने वाली व्यवस्था की हालत जिले के सारे विभागों में बदतर ही देखने को मिली। इस व्यवस्था को लागू करने के पहले संबंधित सभी कर्मचारियों के एंड्रायड मोबाइल फोन पर आधार बेस व आधार फेस आरडी नामक दो एप डाऊनलोड करने थे। इसके बाद ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती। इसके विपरीत पीडब्ल्यूडी, आदिम जाति कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, योजना एवं सांख्यिकीय विभाग, खाद्य, खनिज सहित नई व पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग के किसी भी विभाग में इसके लिए न तो शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन हो पाए हैं और न ही गुरूवार को इस व्यवस्था पर पूरी तरह अमल ही किया जा सका है।

#### अधिकारियों ने शाम तक नहीं दी अटेंडेंस की जानकारी

गुरूवार की सुबह कार्यालय पहुंचने के निर्धारित समय सुबह दस बजे तक कितने अधिकारियों व अधिकारियों ने अपने मोबाईल फोन से एप के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई? इस प्रश्न पर संबंधित नोडल अधिकारी ने एप से कार्यालय आने व जाने दोनों का डाटा एक साथ ही निकल पाने की बात कही। शाम को दोनों ही समय का डाटा लेने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया। इससे स्पष्ट है कि मोबाइल एप के जरिए उपस्थिति दर्ज करने संबंधी शासन की व्यवस्था पर पहले दिन ही ग्रहण लग चुका था।

### खबर संक्षेप

#### देवकीनन्दन दीक्षित सभागार में सत्संग आज

**बिलासपुर।** शुक्रवार 2 जनवरी को वृंदावन से भक्त अकाम दास और बालक भागवत प्रभुजी के साथ दो और भक्तजन भगवत गीता का प्रचार-प्रसार करने बिलासपुर आ रहे हैं। इनका शाम 5 बजे उनका देवकीनन्दन दीक्षित सभागार में सत्संग होगा। भक्त भागवत प्रभु छह वर्ष के विलक्षण प्रतिभा और भक्त हैं जो तीन साल की उम्र से ही कृष्ण भक्ति में लीन है एवं उन्हें भागवत गीता के हजारों श्लोक कंठस्थ हैं।

#### नाम जोड़ने कालेजों में लगेंगे शिविर

**बिलासपुर।** युवा मतदाताओं को जागरूक करने एवं छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए कालेजों में शिविर लगाए जाएंगे। युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष शिविर के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कालेजों में शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म 6 भरवाए जाएंगे। स्वीप कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक आदि माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विभिन्न नवाचार के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जाएगा। पूर्व में गठित मतदाता साक्षरता क्लबों को फिर से ऐक्टिवेट किया जाएगा।

#### धर्मान्तरण की कोशिश पास्टर पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बीती रात प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर हिन्दू लोगों को धर्मान्तरण कराने की कोशिश करने वाले पास्टर के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, जोंधरा निवासी बजरंग दल के कार्यकर्ता आत्मा आनंद पिता कामता प्रसाद 26 साल को 31 दिसंबर की रात 11 बजे सूचना मिली गांव का पास्टर सुखनंदन लहरे अपने घर में भोले ग्रामीण हिन्दूओं को भोजन व स्वास्थ का प्रलोभन देते प्रार्थना सभा के आड़ में ईसाई धर्म में धर्मोन्तर कराने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पचपेड़ी थाना जाकर घटना की शिकायत की। उसके बाद प्रभारी राज सिंह स्टाफ के साथ वहां पहुंचे। पास्टर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने कार्यकर्ता आत्मा आनंद की रिपोर्ट पर पास्टर सुखनंदन लहरे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

#### शक्ति सदन संचालन के लिए आवेदन 19 तक

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति का आरंभ किया गया है। मिशन शक्ति की उपयोजना "सामर्थ्य" के अंतर्गत स्वाधार एवं उज्जवला गृह योजना को समाहित करते हुए शक्ति सदन - एकीकृत राहत एवं पुनर्वास गृह योजना का संचालन किया जा रहा है। शक्ति सदन के प्रभावी संचालन एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए सेवाप्रदाता नियुक्ति किया जाना है। इसके लिए पात्र आवेदकों से 19 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित है।

#### मोबाइल मेडिकल यूनिट का भ्रमण रोस्टर जारी

**बिलासपुर।** पीएम जनमन योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का साप्ताहिक भ्रमण रोस्टर जारी किया गया है। इसके तहत जिले के कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर विकासखंड के 21 ग्राम एवं आश्रित बसाहटों में निर्धारित दिवसों पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जारी रोस्टर के अनुसार विकासखंड कोटा के करका, उमरियादादर, आमागुड़ा, टाटीधार, नागुआ, मोहली, परसापानी, कुदर, करगीहा एवं दारसागर सहित कई ग्रामों में सोमवार से शनिवार तक अलग-अलग दिनों में मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचेगी।

### रतनपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


गुरुवार को नववर्ष के पहले दिन रतनपुर महामाया का दर्शन करने श्रद्धालुओं की लगी रही कतार।

## ई-ऑफिस के लिए 126 विभागों के 2377 अधिकारी कर्मचारी ऑनबोर्ड

शासकीय विभागों में एक जनवरी से फाईलों का मूवमेंट ई-ऑफिस के जरिए किया जाना है। जिले में इसके लिए 126 विभागों के 2 हजार 377 अधिकारी व कर्मचारियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है। दिक्कत यह है कि ई-ऑफस के कुशल संचालन के लिए न तो सारे विभागों में कर्मचारियों के पास कंप्यूटर सिस्टम है, और न ही नेट कनेक्टिविटी। विभाग प्रमुख कंप्यूटर टाईपिंग से बेखबर हैं, जिससे फाईलों में अपनी टीप लिखने के लिए उन्हें कंप्यूटर ऑपरेटरों के भरोसे रहना पड़ेगा।

शासकीय कामकाज को पेपरलेस करने की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से शासन द्वारा एक जनवरी से कार्यालयों में ई-ऑफिस के जरिए फाईलों का मूवमेंट करने के निर्देश जारी किए गए थे। जिले में इसे लागू करने के उद्देश्य से अब तक 2 हजार 377 अधिकारी व कर्मचारियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है। पहले व शुरूआती चरण में यह व्यवस्था जिला मुख्यालय में स्थापित कार्यालयों में की जानी है। ई-आफिस को अमल में लाने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों को ऑनबोर्ड तो किया गया है, लेकिन यह शत प्रतिशत लागू हो इसमें संशय की स्थिति है। जिले में ऐसे अनेक विभाग है, जहां अधिकारी व कर्मचारियों के पास कंप्यूटर सिस्टम व नेट कनेक्टिविटी नहीं है। जबकि ई-आफिस लागू होने के लिए सबसे पहली जरूरत यही है। हर विभाग में आज भी प्रत्येक शाखा लिपिक मैनुअल पद्धति से ही फाईलों में लिखापढ़ी करते हैं व इसी पद्धति में अधिकारियों से टीप लिखवाकर आवश्यकतानुसार अनुमोदन के लिए फाईल कलेक्टर को भेजते हैं।

- एक जनवरी से ई-आफिस के जरिए होना है फाईलों का मूवमेंट
- अधिकारी-कर्मचारियों को अब सीखना ही होगा कंप्यूटर


ई-आफिस में सारा काम व लिखापढ़ी कंप्यूटर सिस्टम में ही होनी है, जिससे न केवल शाखा लिपिक को फाईल कंप्यूटर टाईपिंग करके ही तैयार करनी होगी, बल्कि विभाग प्रमुख को अपनी टीप भी कंप्यूटर टाईपिंग करके ही लिखनी होगी। आज की स्थिति में यह सारा काम मैनुअली होता आ रहा है, जिससे अब हर विभाग प्रमुख को ई-आफिस के अंतर्गत फाईलों की मूवमेंट के लिए या तो कंप्यूटर टाईपिंग सीखनी होगी, या अपनी टीप पहले मैनुअली लिखकर ऑपरेटर को देना होगा या फिर कंप्यूटर ऑपरेटर को ही अपने बाजू में बैठाना होगा।

#### अधिकारियों को किया गया आनबोर्ड

शासन के निर्देशानुसार एक जनवरी से ई-आफिस के जरिए फाईलों का मूवमेंट होना है। इसके लिए जिले में 126 विभागों के 2377 अधिकारी व कर्मचारियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है।

-शिवकुमार बनर्जी, एडिशनल कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ई-आफिस

## रात भर चौक-चौराहे पर मुस्तैद रही पुलिस



- अधिकारी हुड़दंगियों पर रखते रहे नजर
- संदिग्ध वाहनों को रोककर की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

31 दिसंबर की रात हुड़दंग रोकने शहर के चौक चाराहे पर पुलिस बल तैनात होकर संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच करता रहा। वहीं राजपत्रित अधिकारी व थानेदार लगातार संवेदनशील इलाकों पर गश्त करते रहे।

एसएसपी रजनेश सिंह ने पहले से 31 दिसंबर की रात जश्न की आड़ में हुड़दंग को रोकने की तैयारी पूरी कर ली थी। जिले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 100 नगर सहित 800 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। यातायात नियम व शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई करने रात 9 से 2 बजे शहर व ग्रामीण इलाके में चौक चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहा और संदिग्ध वाहनों को रोककर ब्रीद एनालाजर से जांच की जाती रही। वहीं वाहनों में महिला सवार होने पर उक्त वाहनों को नहीं रोका जा रहा था। इसके अलावा संभ्रात परिवार के लोगों के वाहनों को नहीं रोका जा रहा था। पिछले एक सप्ताह से लगातार वाहन चेकिंग चलने से बीती रात को एक भी शराब पीकर गाड़ी चलाते लोग नहीं मिले हैं।

#### चाकू सहित कार सवार युवक पकड़ा गया

वाहन चेकिंग के दौरान महामाया चौक में पुलिसकर्मियों ने कार क्रमांक सीजी 10 बीआर, 3136 में सवार राजकिशोरनगर निवासी वीरू प्रसाद दुबे पिता सारदा प्रसाद दुबे को रोका। जांच के दौरान कार की डिक्की में चाकू मिला। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चाकू, कार जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## वर्ष 2025: गंभीर अपराधों में आई कमी

**बिलासपुर।** पुलिस की सक्रियता से पिछले साल की अपेक्षा वर्ष 2025 में गंभीर अपराधों में कमी आई है। इसी तरह सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु की संख्या घटी है।



एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि पिछले साल की तुलना में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, महिला संबंधी अपराध जैसे गंभीर अपराधों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि हत्या के प्रयास में 25 प्रतिशत कमी आई है, वर्ष 2024 में 52 मामले हुए वर्ष 2025 में मात्र 39 मामले हुए हैं। लूट के मामले में 42 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2024 में 48 मामले हुए थे। इस साल मात्र 28 मामले हुए हैं। चोरी में 5 प्रतिशत कमी आई है। इस साल 717 मामले दर्ज हुए हैं। बलात्कार में 13 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2024 में बलात्कार के 185 मामले हुए थे। इस साल 161 मामले दर्ज हुए हैं। बलवा में 5 प्रतिशत कमी आई है। इस साल 60 मामले दर्ज हुए हैं।

**सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अधिक बरामदगी:** एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2024 में 17 लाख 76 हजार 420 रुपए की लूट हुई थी और 13 लाख 18 हजार 350 रुपए जब्त किए गए थे। वर्ष 2025 में 46 लाख 8 हजार 250 रुपए की लूट हुई और 36 लाख 4 हजार 650 रुपए जब्त किए गए हैं। वर्ष 2025 में 2 करोड़ 98 लाख 17 हजार 425 रुपए की चोरी हुई है और 1 करोड़ 94 लाख 32 हजार 50 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

**आबकारी व आर्म्स एक्ट पर अधिक कार्रवाई :** एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2025 में कुल 4 हजार 275 प्रकरण में 21 हजार 760 लीटर कीमती 46 लाख 75 हजार का शराब जब्त की गई है। इसी तरह 67 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं।

#### मृत्यु दर में कमी आई

वर्ष 2024 में सड़क हादसे में 359 लोगों की मृत्यु हुई थी। 1 हजार 236 लोग घायल हुए थे। वर्ष 2025 में 298 लोगों की मृत्यु हुई है और 1 हजार 307 लो घायल हुए हैं। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में 97 नए गुण्डा बदमाश व 22 निगरानी बदमाशों की नई फाइल खोली गई है।

#### 8 करोड़ की संपत्ति जब्त

एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के मामले में बिलासपुर जिला पहले नम्बर पर है, जहां सौदागरों की प्रापर्टी जब्त की गई है। 21 सौदागरों की साढ़े 8 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। करीब 12 आरोपियों को सजा हो चुकी है। ओडिशा से गांजा तस्कों ने जिले से रूट बदल लिया है।

### महिला सशक्तिकरण दिशा में रेलवे की पहल, अब महिला टीटीई करेंगी ट्रेन में ड्यूटी

## नए साल में वंदेभारत एक्सप्रेस का परिचालन महिलाओं के हवाले

नव वर्ष की शुरुआत होने के साथ रेल प्रशासन ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नई पहल करते हुए जोन की सबसे प्रीमियम और मुख्य ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस की कमान महिला टीटीई के हवाले कर दी है, जो बिलासपुर से नागपुर और नागपुर से बिलासपुर के बीच ड्यूटी करेंगी। कामर्शियल विभाग के अफसरों की इस नई पहल से महिलाओं में वंदेभारत में ड्यूटी करने का सपना पूरा हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दूसरे जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन में तीन वंदेभारत एक्सप्रेस परिचालन किया जा रहा है। इन वंदेभारत में 20829 दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदेभारत एक्सप्रेस, रायपुर-जबलपुर वंदेभारत एक्सप्रेस के अलावा एक वंदेभारत एक्सप्रेस की सौगात बिलासपुर जोनल स्टेशन को भी दी गई है, जो सप्ताह में एक दिन शनिवार को छोड़कर 6 दिन बिलासपुर से रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया होते हुए नागपुर तक आना-जाना करती है।

चेयर कार और एग्जक्यूटिव चेयर कार के अलावा लग्जरी ट्रेनों में शामिल वंदेभारत एक्सप्रेस के शुरुआत परिचालन के दौरान पुरुष टीटीई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही थी। बिलासपुर के टीटीई सुबह बिलासपुर से नागपुर के लिए रवाना होते थे। यही टीटीई दोपहर को नागपुर से बिलासपुर आने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में बिलासपुर शाम तक पहुंच रहे थे। कामर्शियल विभाग में पुरुष वर्ग टीटीई और सीटीआई के अलावा महिलाओं की संख्या भी कम नहीं हैं, जो वर्तमान में एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों में बिलासपुर से झारसुगुड़ा, बिलासपुर से शहडोल और बिलासपुर से रायपुर के बीच टिकिट चेकिंग में ड्यूटी कर रही हैं। बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब वंदेभारत एक्सप्रेस की कमान महिला टीटीई के हवाले करने का आदेश दे दिया है, जिसे एक जनवरी यानि गुरुवार से बिलासपुर से नागपुर के लिए रवाना होने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में लागू कर दिया गया है। प्रतिदिन वंदेभारत एक्सप्रेस में बिलासपुर डिवीजन की चार महिला टीटीई बिलासपुर से नागपुर तक और नागपुर से बिलासपुर तक टिकिट चेकिंग करने की ड्यूटी करेंगी।




#### लगा दी गई है ड्यूटी

महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे के साथ कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वंदेभारत एक्सप्रेस में महिला टीटीई की ड्यूटी लगानी शुरु कर दी गई है, जो बिलासपुर से नागपुर तक ड्यूटी करेंगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर


नववर्ष 2026 मंगलमय हो ।
।। जीवेत शरदः शतम् ।।
अजेय योद्धा, जनजन की आवाज, सेवा, सादगी के प्रतीक, लोकप्रिय विधायक
मा.श्री पुन्नू लाल मोहले जी
(पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन एवं विधायक मुंगेली) को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती निकिता घृतलहरे
जनपद सदस्य
धरमपुरा (मुंगेली)
राजा घृतलहरे
जनपद सदस्य प्रतिनिधि
धरमपुरा (मुंगेली)
मो. 8349742140
पवन पाण्डेय
जनपद सभापति
ज.पं. मुंगेली
तरूण पाटले
जनपद सदस्य
फंदवानी
श्रीमती किरण गिरधर घृतलहरे
जनपद सदस्य
दुल्लापुर
गोविंद मोहले
जनपद सभापति
ज.पं. मुंगेली
श्रीमती सुष्मा प्रितम कोसले
सरपंच
ग्राम पंचायत हथनीकलॉ
राजकमल मोहले
युवा भाजपा नेता
मो.9926232465
HAPPY NEW YEAR 2026
श्रीमती सुनीता बजरंग सिंह राजपूत
सरपंच
ग्राम पंचायत सोढ़ार
श्रीमती रानी अजय गोस्वामी
सरपंच
ग्राम पंचायत धरमपुरा
श्रीमती मीना ज्ञान गेंदले
सरपंच
ग्राम पंचायत बरछा
रिखी राम साहू
उपसरपंच
ग्रा. पं. दशरंगपुर
लक्ष्मीचंद मोहले
सरपंच
ग्रा. पं. दशरंगपुर
श्रीमती किरण श्रीकांत कश्यप
सरपंच
ग्राम पंचायत छतौना
मेवाराम कश्यप
सरपंच प्रतिनिधि
ग्रा. पं. कोसमा
शंभू कश्यप
सरपंच प्रतिनिधि
ग्रा. पं. लोहड़िया
श्रीमती रानू तुकाराम साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत बरदुली
संतोष खाण्डे
सरपंच
ग्रा. पं. डोमनपुर
राजकुमार सोनवानी
सरपंच
ग्रा. पं. कोना
अमरचंद शर्मा
हरिभूमि प्रतिनिधि
धरमपुरा, मुंगेली
मो. 9826756862
Studio UMESH ART 9179059156





कार्यक्रम

## सिम्स के डाक्टरों ने केक काटकर किया नए साल का स्वागत



**बिलासपुर।** गुरूवार को सिम्स के डाक्टरों ने केक काटकर किया नए साल का स्वागत। इस अवसर पर डीन कमलेश मूर्ति, अधीक्षक डा. लखन सिंह, केजुअल्टी सीएमओ सुनील पेन्द्रो, सिम्स केजुअल्टी हेड इंचार्ज पुष्पलता शर्मा सहित नर्सिंग स्टाप व जूनियर डाक्टरों को नए साल की शुभकामनाए दी।





### विविध संगठनों ने आयोजन रख किया नया साल का स्वागत

# नए साल के पहले दिन मंदिरों में लगी कतार

नए साल के आगमन पर शहर में विविध आयोजन हुए। सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित की नववर्ष का स्वागत किया। वहीं सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। लोग भगवान का दर्शन, पूजन कर अपने दिन की शुरूआत की।

**बिलासपुर।** बीते साल की बिदाई व नए साल के स्वागत में शहर में कई आयोजन हुए। शांता फाउंडेशन के साथ मनीषा प्रधान ने अपना जन्मदिन महिला वृद्धा आश्रम माता रानी की कुटिया में मनाया। जहां मनीषा ने पहले सभी बुजुर्गों के साथ मिलकर केक काटा। इसके पश्चात सभी को भोजन खिलाया एवं उन्हें मोजे दिए गए। इस सेवा कार्य में नीरज गेमनानी, डी. विनीता राव, सृष्टि सिंह, जसमीत सिंह टुटेजा, अक्षय भगत शामिल रहे।

वहीं लायंस क्लब बिलासपुर ने सेवा के साथ नये साल की शुरुआत की। अजीत सिंह टुटेजा को समर्पित इस सेवा कार्य में निर्धनों को कंबल, स्वेटर, कनटोप, साड़ी, सूट नाश्ता दिया गया। इस मौके पर संयोजक मनजीत सिंह अरोरा, अध्यक्ष डॉ हर्ष पाण्डेय, सचिव रमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश दुबे, विमल केडिया, इतफाक सागरी, नरेश लिखमानिया, डॉ अरूण शुक्ला, राकेश सखुजा, कैप्टन गंभीर, जसपाल आनंद, एनके भंडारी, भूपेंद्र सिंह गांधी, दौलत खत्री, शिव अग्रवाल, अनंत लिखमानिया, धर्मवीर, हरीश, राजेश जसवानी उपस्थित थे।



### श्याम मंदिर में उमड़ी भीड़

श्री घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में नववर्ष में भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई। भगवान का एक झलक पाने श्रद्धालु भक्तों की मंदिर परिसर में भारी भीड़ रही। दर्शन, पूजन का यह क्रम देर रात तक चलता रहा।

### गणेश मंदिर में गणपति हवन

रेल्वे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में नववर्ष की पूजा में सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तजनों ने भगवान का दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। काली मंदिर तिफरा में नववर्ष पर पुजारी पं. भवानीदास महराज के सानिध्य में मां काली की विशेष पूजा कर आरती की गई। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह से ही लोग मंदिर पहुंचने लगे थे।





### गिरजाघरों में नूतन वर्ष की हुई विशेष आराधना

नगर के सभी चर्चो में नवीन वर्ष की आराधना सुबह प्रारंभ हुई। सभी ने बीते वर्ष को बिदाई देते हुए नया वर्ष का स्वागत किया। विशेष आराधना कर परमेश्वर पिता को धन्यवाद दिया। इसी तारतम्य में चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन पक्ष समिति के सीनियर फादर सुदेश पॉल के नेतृत्व में नववर्ष की आराधना हुई।



पास्टर श्री पॉल ने अपने प्रवचन में बताया कि हम नई विचारधारा, नई सोच और दृढ़ संकल्प के साथ नए वर्ष में पदार्पण करें, पुरानी बातें जो हमें ठेस पहुंचाती है, इस पर गौर ना करें। नए वर्ष में जीवन के नए लक्ष्यों के बारे में सोचें और उसे योजना बद्ध तरीके से प्राप्त करें। आराधना का संचालन राकेश पॉल ने किया। उपदेश पास्टर शामुएल वालेश ने दिया। बाइबल पठन प्रवीण जैसल ने किया। प्रार्थना की अगुवाई मुकेश पॉल, प्रीति वालेस और शीबा लुईस एवं भेंट की सेवकाई सनी जॉन, नार्मन हेनरी, विवेक मसीह और अशोक दास ने की। विधवा माता बहनों एवं चर्च के 44 जरूरतमंदों को चर्च की ओर से विशेष उपहार दिया गया। नन्हें बच्चों का नामकरण कर , अर्पण विधि की गई।

आयोजन

## गीत-संगीत, डांस की प्रस्तुति, युवा विकास एवं जनकल्याण संस्था का आयोजन



**बिलासपुर।** युवा विकास एवं जनकल्याण संस्था जरहाभाठा बिलासपुर द्वारा नववर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्था परिसर में किया गया। इसमें प्रशिक्षार्थियों ने गीत-संगीत एवं डांस की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरुआत नववर्ष की शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ की गई। इस अवसर पर संस्था द्वारा वर्ष भर किए गए सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की गई तथा आने वाले वर्ष में युवाओं के विकास, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े नए कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। संस्था की अध्यक्ष प्रतिभा जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि नववर्ष नई ऊर्जा, नए संकल्प और समाज के प्रति नई जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होंने सभी सदस्यों से मिलकर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

अंत में संस्था के सचिव लक्ष्मी प्रकाश वर्मा, प्रमिला यादव, मनीषा कश्यप, रमेश निषाद ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी एवं समाजहित में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्था से जुड़े पदाधिकारी, सदस्यगण, युवा साथी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

## कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति चालीहा महोत्सव में धुनी का आयोजन



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव के 39वें दिन धुनी की शुरुआत भगवान झूलेलाल एवं बाबा गुरमुख दास की फोटो पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उल्हासनगर के मशहूर गायक करण जनानी ने भक्ति भरे भजनों की प्रस्तुति दी।

महोत्सव में भाग लेने इंदौर मध्यप्रदेश से भाजपा सांसद शंकर लालवानी, शदाणी दरबार तीर्थ रायपुर के सेवादार नंदलाल सेटिया सहित अन्य सेवादार, समाजसेवी झूलेलाल मंदिर चकरभाटा पहुंचे। प्रकाश जेसवानी ने मंदिर के बारे में बताया कि किस तरह इस मंदिर का निर्माण हुआ। सांसद श्री लालवानी ने अपना उद्बोधन में कहा कि इस छोटे से चकरभाटा नगर में इतना बड़ा विशाल मंदिर बना है। बड़ी खुशी की बात है। जिस जगह पर संतों का आगमन हो, संतों का जन्म हो वह जगह तो वैसे ही तीर्थ बन जाती है। सिंगर जॉनी सूफी ने भजन गाया। मेरठ उत्तरप्रदेश से आई तिलक राज टीम ने शिव तांडव और अघोरी नृत्य पेश किया।

## जीवंत झांकी के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



**बिलासपुर।** नववर्ष के पहले दिन पत्रकार कॉलोनी में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। इस दौरान शिव-पार्वती की मनमोहक जीवंत झांकी सजाई गई थी। रथ पर विराजमान भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की झांकी आकर्षण की केंद्र रही।

**पत्रकार कॉलोनी में शिव महापुराण का शुभारंभ**

शोभायात्रा में रथ पर कथावाचिका ईश्वरी देवी भी सवार थी। कलश यात्रा आयोजन स्थल से निकलकर जरहाभाठा, सिंधी कॉलोनी, कारगिल चौक, कस्तूरबा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः पत्रकार कॉलोनी पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। आयोजक राजेश पांडेय ने बताया कि शिव महापुराण 1 जनवरी से प्रारंभ होकर 9 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी। कथा में प्रतिदिन भक्तों के लिए आध्यात्मिक प्रवचन एवं भजन संध्या का आयोजन रहेगा। शोभायात्रा में पत्रकार कॉलोनी के अध्यक्ष रामाधार देवांगन, विजय मोहन शर्मा, अशोक तिवारी, रमन दुबे, बृजेश शर्मा, प्रफुल्ल मिश्रा, गिरीश तिवारी, रोहित मिश्रा, आशीष पाल, संजय शर्मा, संजू निर्मलकर, विक्कू, राहुल, अनुराग पांडेय, अनूप सिंह ठाकुर, करुणा पांडेय, बसंती, प्राची शर्मा, अनिता दुबे, प्रेमलता यादव, प्रमिला ठाकुर, श्वेता शर्मा, अंजू सिंह ठाकुर, पूजा कडो, आस्था पांडेय, प्रिया अग्रवाल, नागेश्वरी पांडेय, तरूणा यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को सरकारी छुट्टी नहीं होने के बावजूद कानन पेण्डारी जू में भ्रमण करने 15 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे। वहीं बिलासा ताल में पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या 315 के करीब रही। इस दौरान कानन पेण्डारी जू और बिलासा ताल सुबह से शाम तक सैलानियों की भीड़ से गुलजार रहा।



# कानन जू पहुंचे 15 हजार सैलानी

**बिलासपुर।** बिलासपुर वन मंडल और अचानकमार बायोस्फियर टाइगर रिजर्व में शामिल कानन पेण्डारी जू शहर से नजदीक सबसे प्रमुख और लोकप्रिय भ्रमण केन्द्र है। यही वजह है कि यहां सामान्य दिनों में भी बड़ी संख्या में सैलानी भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा सैलानियों की भीड़ नव वर्ष के पहले दिन यानि एक जनवरी को रहती है। प्रतिवर्ष प्रबंधन सैलानियों की भीड़ की संभावना का अंदाजा लगाकर एक माह पहले से ही सारी व्यवस्था करने में जुट जाते हैं। कानन जू प्रबंधन ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नए साल में 25 हजार से अधिक सैलानियों की भीड़ आने की संभावना व्यक्त की थी, जिसके लिए विशेष रूप से चार टिकिट काउंटर बनाए गए थे। वहीं कानन जू में भ्रमण करने के लिए सैलानियों को आनलाइन टिकिट खरीदी की सुविधा भी दी गई। गुरुवार को नव वर्ष की शुरुआत के साथ शहर और आसपास के लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन करने के साथ कानन पेण्डारी जू का भी भ्रमण किया। इस दौरान सुबह 9 बजे गेट ओपन होते ही शहर के अलावा अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में सैलानी अपने परिजन के साथ कानन जू पहुंचना शुरु कर दिए। दोपहर 12 बजे के बाद सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी, जिसके कारण मुख्य गेट नम्बर दो और गेट नम्बर एक को भी सैलानियों के आवागमन के लिए ओपन कर दिया गया था।

### पिछले साल से 5 हजार कम

कानन पेण्डारी जू में पिछले वर्ष नव वर्ष मनाने के लिए पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या 21 हजार 736 के करीब थी। इन सैलानियों की भीड़ संभालने में कानन प्रबंधन का पसीना छूट गया था। सैलानियों से प्रबंधन ने 3 लाख 95 हजार 350 रुपए की कमाई की थी। यह आंकड़ा इस वर्ष 5 हजार कम हो गया। इस वर्ष नया साल मनाने के लिए 5 हजार सैलानी कम हो गए, जिससे कानन प्रबंधन की आय 3 लाख 24 हजार 660 रुपए रही।

# खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के 6 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

स्पोर्टर्स न्यूज

**बिलासपुर।** भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा एवं दमन एंड दिउ खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली द्वितीय खेलो इंडिया बीच गेम्स 5 से 10 जनवरी को घोघला बीच दिउ मैं आयोजित होगी।

प्रतियोगिता में आठ खेल विधा को शामिल किया गया है, जिसमें मार्शल आर्ट खेल से पेंचाक सिलाट खेल शामिल है। छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ के महासचिव शेख समीर के नेतृत्व में बीच गेम्स के चयनित खिलाड़ियों ने खेल युवा कल्याण विभाग के संचालक तनुजा सलाम से भेंट किया गया। संचालक तनुजा सलाम ने खिलाड़ियों को प्रदेश के लिए पदक जीत के आने और आगे भी खेल गतिविधि के लिए हर संभव मदद करने की बात कही। महासचिव शेख समीर ने बताया कि पेंचाक सिलाट खेल गत 4 वर्षों से प्रदेश के 14 जिलों में नियमित खेला जा रहा है। प्रदेश के खिलाड़ी सभी वर्गों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। बीच गेम्स हेतु चीनी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के अच्छे खिलाड़ी है, जिनकी खेल कौशल को देखते हुए राष्ट्रीय महासंघ ने चयन किया है।



### नेशनल बेसबाल में हिस्सा लेने आकर्ष भीलवाड़ा रवाना

सेजेस लाजपतराय स्कूल के छात्र के आकर्ष यादव राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए भीलवाड़ा रवाना हो गए हैं। 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भीलवाड़ा राजस्थान में 2 से 6 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। विद्यालय के व्यायाम अनुदेशक श्रीमती तूलिका सिंह ने बताया कि आकर्ष यादव का चयन 19 वर्ष बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम में हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्यालय से प्रतिवर्ष अनेक विद्यार्थी विभिन्न विधाओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश टीम मैं चयनित होकर नेतृत्व करते हैं।



### खेलो इंडिया बीच गेम्स में शामिल होगी मलखंभ की टीम

प्रदेश की महिला -पुरुष मलखंभ टीम भूवनेश्वर से एलटीटी जाने वाली एक्सप्रेस से शाम 5 बजे केंद्र शासित राज्य दीव में 5 से 11 जनवरी तक आयोजित द्वितीय खेलो इंडिया बीच गेम्स में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। इन खिलाड़ियों में महिला खिलाड़ी नारायणपुर से दुर्गेश्वरी कुमेटी, हिमांशी उसेन्डी, सरिता पोयम, अनिता गोटा, बिलासपुर से रोशनी धीवर, पामगढ़ से किरन यादव, पुरुष खिलाड़ी नारायणपुर से राजेश कोर्राम, मानू धुरूव, राजेश सलाम, राकेश वरदा, बिलासपुर से अतीफ रजा, पामगढ़ से यशपाल बरेठ के अलावा अधिकारी वर्ग में मनोज प्रसाद, पुरूष कोच पूनम प्रसाद महिला कोच प्रेमचंद शुक्ला, मैनेजर डा.राजकुमार शर्मा, काम्पिटीशन डायरेक्टर शामिल हैं। पिछले दो वर्षों से छत्तीसगढ़ की मलखंभ टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बीच गेम्स में दोनों वर्गों में विजेता रही है।

### भारतीय बेसबॉल संघ की उपाध्यक्ष बनी मिताली



अमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की विशेष आमसभा का आयोजन 30 दिसंबर को होटल रोजवुड भुवनेश्वर में किया गया। इस बैठक में अमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सत्र 2025–2029 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में पंकज लोचन मोहंती को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सिबानंद प्रधान, मधु शर्मा, मिताली घोष एवं अशोक कुमार शर्मा को निर्वाचित किया गया। इसमें विशेष रूप से मिताली घोष के उपाध्यक्ष चुने जाने पर खेल जगत में हर्ष का माहौल है। अरविंद कुमार को सचिव, संयुक्त सचिव एस मल्लिकार्जुन रेड्डी, विरेंद्र भारद्वाज, हरबीर सिंह गिल एवं मनोज कोहली को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एस वेंकटेश को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अरुण टीएस दिलीप सोनू नाईक, प्रीतम सिंह तोमर, अशमा बेगम एवं के श्रवंत को शामिल किया गया है। नव-निर्वाचित उपाध्यक्ष मिताली घोष लंबे समय से बेसबॉल खेल के विकास और प्रशासन से जुड़ी रही हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व से भारतीय बेसबॉल को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मिताली घोष छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव भी हैं।

## खबर संक्षेप

### खुंटे ने ग्रहण किया रतनपुर सीएमओ का प्रभार



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर में नए साल के दिन 1 जनवरी को नगर पालिका के नए सीएमओ सुख सागर खुंटे ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही नगर के वरिष्ठजनों एवं नगर पालिका कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी कर्मचारियों की बैठक ली एवं सफाई एवं पानी जैसी नगर की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर देने की बात कही।

### बालगृह के बच्चों को बांटी गईं विभिन्न सामग्रियां



**मुंगेली।** बालगृह में रहने वाले बच्चों को डॉ मनीष बंजारा के प्रयास से बच्चों को शिक्षा सामग्री, खेल सामग्री, पेंटिंग सामग्री एवं मिठाई वितरित कर नववर्ष को आत्मीयता और मानवीय भावनाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मुस्कान यह संदेश दे रही थी कि सच्ची खुशी वही है, जो किसी नन्हे मन के चेहरे पर विश्वास और अपनापन बनकर उतर जाएं। डॉ बंजारा ने इस अवसर पर कहा कि, नया साल तभी सार्थक होता है, जब हम अपने आसपास के बच्चों के जीवन में मुस्कान, आत्मबल और आत्मविश्वास जोड़ सकें। शिक्षा, खेल और रचनात्मकता बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव हैं। सामग्री पाकर बच्चों में उत्साह और ऊर्जा देखते ही बन रही थी, वहीं पेंटिंग सामग्री ने उनकी कल्पनाओं को रंग देने का अवसर दिया। नववर्ष का यह संदेश प्रेम, सेवा और करुणा के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता महितोष बंजारा सहित बालगृह के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डीईओ ने किया प्रधान पाठक कल्याण संघ के कैलेंडर का विमोचन



**मुंगेली।** संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ के कैलेंडर का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने किया। साथ ही सभी शिक्षकों ने बधाई संदेश दिया। डीईओ डाहिरे ने सभी प्रधान पाठकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कैलेंडर विमोचन में प्रमुख रूप से जिला संरक्षक राजेश साहू, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार निर्मलकर, प्रदेश महासचिव हुलासीराम साहू, उपाध्यक्ष हीराप्रसाद चतुर्गोष्ठी, जिला प्रवक्ता नंदराम मरकाम, जिला कोषाध्यक्ष राजू सिंह मार्को, सहकोषाध्यक्ष रामलखन निषाद, लक्ष्मी ध्रुव, कृष्णा कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव लखन साहू, जिला सचिव थानूराम साहू, जीतराम डाहिरे, देवी दयाल साहू, ब्लॉक प्रवक्ता दुष्यंत नागवंशी, संतोष जायसवाल, जिला प्रवक्ता मूनषराम साहू, ब्लाक प्रवक्ता पथरिया दिनेश सिदार, ब्लॉक अध्यक्ष पथरिया राजेश शर्मा, शैलेंद्र ध्रुव सचिव, अशोक कुमार टोंडे, लेख राम ध्रुव एवं बड़ी संख्या में प्रधान पाठक सम्मिलित हुए।

### मिडिल स्कूल हरदीबांध में न्योता भोज



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदीबांध में नूतन वर्ष के मौके पर शाला परिवार की ओर से न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को चावल, दाल सब्जी, पापड़, आचार के अतिरिक्त हलवा और पूड़ी खिलाकर न्योता भोज संपन्न किया गया। प्रधान पाठक डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अंग्रेजी नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ठीक से विद्याध्ययन करने तथा किसी भी परिस्थिति मे परीक्षा से नहीं घबराने का आग्रह किया। डॉक्टर तिवारी ने खेलकूद, योग, व्यायाम, साफ-सफाई, नियमित उपस्थिति, सुन्दर लेखन व वाचन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्श करने वाले छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत करने की घोषणा की। शिक्षक विद्यानंद कश्यप, अमित कुमार डडसेना, दीपा मिश्रा, देवी सिंह राजपूत, वैभव कुमार धृतलहरे एवं गंगाधर वर्मन ने भी विद्यार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अच्छे से पढ़ाई लिखाई करने का आग्रह किया।

### ऑनलाइन हुई नई मतदाता सूची दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक

**मुंगेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार देश के 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में मतदाता सूची को ऑनलाइन कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि, वे अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जांच लें। सूची में नाम नहीं होने पर नाम जुड़वाने हेतु दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक किया जा सकता है।

---

#### मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करने अधिकारियों को निर्देश

# विधायक ने कलेक्टर के साथ किया नए अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

स्वास्थ्य विभाग के नवीन भवन में हास्पिटल शिफ्टिंग को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश पर कलेक्टर संजय अग्रवाल लिदरी पहुंचें और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नवीन भवन में अस्पताल शिफ्टिंग के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक मूलभूत कमियों को दूर करने के भी निर्देश दिए। तखतपुर विखं के ग्राम लिदरी में 2.5 करोड़ की लागत से बना 30 बिस्तरों वाला हॉस्पिटल अब तैयार हो गया है, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द ही शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। इसके निरीक्षण के लिए बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल तखतपुर पहुंचे और विधायक धर्मजीत सिंह के साथ हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मुख्य मार्ग से हॉस्पिटल तक पहुंच मार्ग, हॉस्पिटल में पानी, बिजली, पावर बेकअप जैसी मूलभूत सुविधाओं को जल्द व्यवस्थित करने और हॉस्पिटल को तखतपुर से लिदरी शिफ्ट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीएचएमओ सुभा गढ़ेवाल, तहसीलदार, शशांकर शेखर शुक्ला, बीएमओओं, उमेश साहू, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।



### अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

इस दौरान अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिटी हॉस्पिटल के रूप में संचालित करने की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना था कि, तखतपुर वासियों को स्वास्थ सुविधा के लिए यहां 5 किलोमीटर दूर आने में काफी परेशानी होगी। यदि तखतपुर में सिटी हॉस्पिटल रहेगा तो छोटी छोटी चीजों के लिए उनको इतना दूर नहीं आना पड़ेगा। इसके साथ संघ ने तखतपुर में स्थाई एसडीएम भेजने और तहसील परिसर में चेकर पत्थर लगवाने मांग की।

### 50 बिस्तर का और बनेगा हॉस्पिटल

विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि तखतपुर में स्वास्थ्य सुविधा विस्तार हेतु करीब 9 करोड़ से 50 बिस्तर वाला एक और हॉस्पिटल बनना है, जिसके निर्माण के लिए कलेक्टर ने हॉस्पिटल से लगी सभी शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला को दिया। वहीं विधायक ने हॉस्पिटल तक रोड बनाने के लिए इस्टीमेट मांगा, जिससे जल्द राशि स्वीकृत कराई जा सके।

### चौपाटी निर्माण का निरीक्षण

नगर प्रवास के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल विधायक धर्मजीत सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ के साथ पुराना थाना परिसर में निर्माणाधीन चौपाटी का भी निरीक्षण कर सीएमओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

## मानव सेवा दल ने चलाया स्वच्छता अभियान




**जरहागांव।** सदगुरुदेव सतपालजी महाराज की प्रेरणा से नववर्ष के उपलक्ष्य में मानव सेवा दल मुंगेली द्वारा नगर पंचायत बरेला में स्वच्छता अभियान चलाा गया।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष नरेश कुमार पटेल एवं सीएमओ नरेश कुमार महिष सहित पार्षद संजय निर्मलकर, राज साहू, हीरा पटेल, भगेला धुरी, संजय धुरी, पवन पटेल, सुनीता विजय दीवान, बबलू पटेल नितेश पटेल, बंटी सेमरिया, सुरेश ठाकुर, सिमन ध्रुव आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों, मानव सेवा दल के स्वयंसेवकों, मानव उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ताओं एवं यूथ विंग के सदस्यों ने पंजाब नेशनल बैंक परिसर, इमली चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला की साफ-सफाई की। मुख्य अतिथि अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि, स्वच्छता को अपने जीवन में हमें अपनाना चाहिए, क्योंकि जब हमारे आसपास स्वच्छ वातावरण रहेगा तो हम स्वस्थ रहेंगे। सीएमओ महिष ने कहा कि नववर्ष में पिकनिक जाकर ज्यादातर लोग जगह-जगह गन्दगी फैला कर आ जाते हैं, जिससे सुंदर और स्वच्छ जगह दूषित हो जाती है। यह समाजिक संस्था स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छ भारत मिशन में भी अपना सहयोग प्रदान कर रही है, जो अति सराहनीय है। इस मौके पर विश्राम निषाद, शिवा साहू, राजू डड़सेना, कन्हैया धूरी, राजन कौशिक, भोलाराम साहू, उमा साहू, सुकृति साहू, सरिता साहू, निर्मला साहू, रानी धुरी, सियाराम कश्यप, प्यारेलाल साहू, जगनू निषाद मौजूद रहे।

---

### श्रीरामलला स्थापना महोत्सव मना



**लोरमी।** अयोध्या में श्रीरामलला स्थापना के द्वितीय महोत्सव पर प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गांधीडीह में विशेष पूजा-अर्चना की गई। सरस्वती महिला मंडल ने श्रीरामलला के सुंदर कांड, राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा का पाठ व भजन-कीर्तन कर स्थापना महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कमला, वृंदा माया, रोशनी, रोहणी, नीलम, संगीता, अर्चना, दीपा, सरिता, किरण, पिंकी, माधुरी, प्रभा सहित अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में आदि उपस्थित रहीं।

---

## 20 लाख से अधिक के मादक पदार्थों को किया गया नष्ट



**मुंगेली।** शासन के दिशा-निर्देश पर मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की अध्यक्षता में नशीली ब्राउन शुगर, टेबलेट व 20 लाख 54 हजार 857 रूपए के गांजे का नष्टीकरण किया गया। पुलिस ने नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 14 प्रकरण मे 113.123 किलोग्राम सुखा गांजा, 5 नग पौधा गांजा वजन 2.444 किलोग्राम व नशीली टेबलेट 1045 नग, ब्राउन शुगर 46 ग्राम को प्लांट भठ्ठी आग से जलाकर नष्ट किया।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की अध्यक्षता मे जिला स्तर पर नशीली टेबलेट, ब्राउन शुगर, गांजा की नष्टीकरण करने हेतु टीम गठित की गई है। मुंगेली पुलिस की ओर से अभियान 'पहल' के तहत लगातार जिले मे नशे की रोकथाम एवं जागरूक करने लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना-चौकियों के द्वारा नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते 14 प्रकरण में नशीली टेबलेट, ब्राउन शुगर, गांजा को जब्त किया गया। जब्त समाग्रियों के नष्टीकरण हेतु न्यायालय से अनुमति प्राप्त की गई और पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए मुंगेली शहर से दूर दीपक इंडस्ट्रीज प्लांट को नष्टीकरण के लिए चिन्हांकित किया गया। 31 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की उपस्थिति में सूखा गांजा वजन 113.123 किलोग्राम कीमती 11 लाख 31 हजार 540 रूपए, गांजा पौधा 5 नग वजन 1045 नग कीमती 3317 रूपए, ब्राउन शुगर 46 ग्राम कीमती 9 लाख 20 हजार रूपए कुल कीमती 20 लाख 54 हजार 857 रूपए का नशीला सामान को दीपक इंडस्ट्रीज स्टीज बामपारा प्लांट में जलाकर नष्ट किया गया।

---

## सिंधी समाज की बाहराणा साहब शोभायात्रा आज



**तखतपुर।** श्री झूलेलाल सांई चालिहा महोत्सव के 2 जनवरी को बाहराणा साहब निकाला जाएगा, इसके 40 दिन पूर्व समाज की ओर से प्रतिदिन झूलेलाल मंदिर में आरती और सिमरन भजन किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा झूलेलाल मंदिर में 40 दिनों तक ईष्टदेव झुलेलाल सांई की पूजा-अर्चना की गई।

इन दिनों समाज के बच्चों ने जीवंत झांकीयां प्रस्तुत की और समाज की महिलाओं ने महाआरती की। प्रतिदिन मंदिर में समाज के युवा, युवती, महिला और पुरूषों ने पूजा-अर्चना और आरती की। 31 दिसम्बर की रात्रि को सुखपूर्वक पूरा वर्ष बीतने और आने वाला वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो इसके लिए प्रार्थना की गई। 1 जनवरी को झुलेलाल मंदिर में चालिहा महोत्सव का समापन हुआ। 2 जनवरी को दोपहर 3 बजे बाहराणा साहब शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर मनियारी नदी में विसर्जन के साथ संपन्न होगी। महोत्सव के दौरान अध्यक्ष राकेश मंदानी, किशन सचदेव, अमित मंदानी, दिलीप तोलानी, गिल्लू कुकरेजा, रमेश कारड़ा, करमचंद टेकवानी, हेमराज मंगलानी, गिरीश तोलानी, आकाश चांदवानी, नोतन टेकवानी, परसराम मंगलानी, विरेंद्र भारती, चंचल कारड़ा, सुमित सचदेव, कन्हैया संतानी, रमेश मंदानी, टेकचद कारड़ा, मुरली सचदेव, आकाश चंदानी, रोचीराम तोलानी, प्रताप कुकरेजा, हीरा नत्थानी, कन्हैया संतानी, योगेश कारड़ा, उमेश मंगलानी, अजय भारती, सुरेश होतचंदानी, अजय संतानी, नारू बजाज, मुरली गागवानी सहित महिला समिति पूरे 40 दिनों तक झूलेलाल मंदिर में सेवा कार्य किया।

### अजय ने रखी मनरेगा कर्मियों की समस्याएं

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ मनरेगा महासंघ के अध्यक्ष अजय क्षत्रि ने मनरेगा कर्मियों के मानव संसाधन नीति हेतु केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से मांग की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य शासन से सेवा सुनिश्चित करने हेतु चर्चा कर पहल का आश्वासन दिया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग महात्मा गांधी नरेगा के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ओर से मनरेगा महासंघ के अध्यक्ष अजय क्षत्री ने राज्य का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शिवराज सिंह चौहान के समक्ष मनरेगा कर्मियों से संबंधित महत्वपूर्ण समस्या सेवा सुरक्षा, मानव संसाधन नीति एवं सामाजिक सुरक्षा को प्रमुखता से रखी। कार्यक्रम में देशभर के चुनिंदा राज्यों के मनरेगा प्रतिनिधियों को सीधे केंद्रीय मंत्री से संवाद करने का अवसर दिया गया था।

---

## ई-चालान कैमरे के विरोध में युकां ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**पेंड्रा।** कोरबा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम कोटमी कला में लगाए गए ई-चालान कैमरे को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए ई-चालान कैमरे को तत्काल बंद करने तथा पूर्व में काटे गए चालानों को निरस्त करने की मांग की गई।

युकां पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि, परिवहन विभाग की ओर से कोटमी कला में ई-चालान कैमरा बिना किसी पूर्व सूचना, चेतावनी बोर्ड या जन-जागरूकता अभियान के स्थापित किया गया। ग्रामीणों को यह जानकारी दी गई थी कि, कैमरा केवल सुरक्षा और निगरानी के उद्देश्य से लगाया गया है, लेकिन बाद में इसके माध्यम से भारी-भरकम डिजिटल चालान काटे जाने लगे, जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र के ग्रामीण, किसान एवं मजदूर रोजमर्रा के सामान खरीदने, खेत जाने या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए दुपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं। ऐसे लोगों के मोबाइल पर बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र के नाम पर 10 हजार से 16 हजार रुपए तक के चालान भेजे जा रहे हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए असहनीय बोझ है। युकांइयों ने जानकारी दी कि, पेंड्रा से कोटमी होते हुए कोरबा जाने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क सुधार के बजाय इस मार्ग पर ई-चालान कैमरा लगाकर जुर्माना वसूलना अन्यायपूर्ण और जनविरोधी कदम है। युवा कांग्रेस ने कलेक्टर से कोटमी कला में लगे ई-चालान कैमरे को तत्काल प्रभाव से बंद करने, ग्रामीणों व किसानों के नाम पर काटे गए सभी चालानों को माफ करने तथा जिन लोगों ने चालान की राशि जमा कर दी है, उन्हें वापस दिलाने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

---

#### संगठन को मजबूत करने एकजुट होकर काम करने पर जोर

# कांग्रेस ने मनाया नववर्ष व कार्यकर्ता मिलन

**पेंड्रा।** नववर्ष के अवसर पर पेंड्रा में कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ता मिलन एवं नववर्ष समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शहर के प्रमुख स्थल इंदिरा उद्यान में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर जिले भर से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के लिए भोजन व्यवस्था एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बना रहा। सभी कांग्रेसजनों ने आपसी मेलजोल के साथ नववर्ष की शुभकामनाएं एक-दूसरे को दी। इस अवसर पर कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। समारोह में नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ संगठन की एकता और मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। इस आयोजन में मुख्य आयोजक मनोज गुप्ता, उत्तम वासुदेव तथा नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पेंड्रा नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि, इस तरह के आयोजनों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की असली ताकत हैं, और वही पार्टी का परिवार भी हैं। मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव ने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के संघर्षों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि, कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही पार्टी जनता के बीच मजबूत बनी हुई है। इस मैके पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय और आने वाले समय में जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर काम करने की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम स्थल में पेंड्रा नपं के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह उपोवेजा का जन्मदिवस मनाया गया। उनकी रही उपस्थित- कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, गुलाब राज, मनोज गुप्ता, उत्तम वासुदेव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विद्या राठौर, अजीत सिंह श्याम, अशोक शर्मा, कृष्णा पटेल, शंकर पटेल, बेचू अहिरेश, राकेश मसीह, नारायण शर्मा, अमन शर्मा, सावित्री राठौर, अजीत पेंद्रो, दया वाकरे, राम रतन पेंद्रो, धन सिंह कवर, पवन नागेश, सुखदेव सिंह ग्रेवाल, बाबा मधु गुप्ता, अरविंद जायसवाल, तूफान सिंह, इकबाल सिंह, लालचंद सोनवानी, राजेंद्र ताम्रकार, अमोल पाठक, प्रफुल्ल प्रकाश, आमिर अली, अजय राय, मनोज साहू, मोहम्मद नफीस, इदरी संसारी, वेद कुमार तिवारी, सादिक खान, शंकर पटेल, जिलेश सिंह, श्वेता मिश्रा, मंजू ठाकुर, श्याम यादव, तूफान सिंह, प्रेमवती कोल, मंजू सिंह ठाकुर, श्वेता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



---

## महाविद्यालयों में ली गई ऊर्जा संरक्षण की शपथ



**मुंगेली।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अवसर पर क्रेडा द्वारा रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत प्रदेशभर में ऊर्जा संरक्षण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले भर में ऊर्जा बचत एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस कड़ी में जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा शैक्षणिक स्टाफ ने ऊर्जा संरक्षण की शपथ लेकर देश को हरित ऊर्जा से समृद्ध राष्ट्र बनाने में सहयोग का संकल्प लिया। शपथ कार्यक्रम का आयोजन नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली, जेपी मिश्र महाविद्यालय मुंगेली तथा शासकीय महाविद्यालय सरगांव में किया गया। वहीं लोरमी विकासखंड के शासकीय विद्यालय डोंगरिया, गोंडवाही, झाफल, चंदपुर, बरमपुर, खपरिखुर्द, चंदेली, सारधा, पटरीकापा एवं शासकीय सेजेस लोरमी में भी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकीय स्टाफ द्वारा ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली गई।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी चौक चिंगराजपारा में अखंड नवधा रामायण आज से



**बिलासपुर।** लक्ष्मी चौक चिंगराजपारा में 2 जनवरी से गौरवशाली 41 वां वर्ष अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 11 जनवरी को होगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार 104 रुपए नकद व चैलेंज शील्ड दिया जाएगा। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 8100 रुपए नकद व शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5500 रुपए नकद और शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 4100 रुपए नकद और शील्ड, पंचम पुरस्कार 3500 रुपए व शील्ड, शेष 15 मानस मंडलियों को 1-1 हजार रुपए एवं सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। 10 किमी दूर से आने वाली मानस मंडलियों को 5 सदस्य हो उन्हें 401 रुपए दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ गायक को 1100 रुपए व 1 चांदी का सिक्का, सर्वश्रेष्ठ तबला वादक को 1001 रुपए दिया जाएगा। प्रवचन का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक रहेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष कमल कश्यप व सचिव संतोष यादव ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होकर भक्तिरस का पान करने का अनुरोध किया है।

### नए साल की शुरुआत लायंस क्लब बिलासपुर ने सेवा के साथ की



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर ने अपने नए साल की शुरुआत निर्धनों को गरम कपड़े, कंबल स्वेटर कनटोप, साड़ी, सूट नाश्ता आदि देकर किया। इस कार्यक्रम के संयोजक मनजीत सिंह अरोरा, विमल केडिया, इतफाक सागरी, नरेश लिखमानिया, डॉ अरूण शुक्ला, राकेश सखुजा, कैप्टन गंभीर, जसपाल आनंद, एन के भड़ारी, भूपेंद्र सिंह गाधी, दौलत खत्री, शिव अग्रवाल, अनंत लिखमानिया, धर्मवीर, हरीश जसवानी, राजेश जसवानी थे। सुबह 9 बजे लायंस क्लब भवन सीएमडी चौक पर निर्धनों को गरम कपड़े दान किया। रेलवे कालोनी स्थित गणेश मंदिर, जगन्नाथ मन्दिर, तिरूपति मन्दिर, और पुराना बस स्टैंड स्थित बजरंग बली मन्दिर परिसर के बाहर बैठने वाले भिक्षुओं को गरम कपड़े, स्वेटर, कंबल कनटोप, साड़ी आदि उपहार किया गया। प्रति वर्ष साल के पहले दिन क्लब के मनजीत सिंह अरोरा के द्वारा अजीत सिंह टुटेजा की याद मे निर्धनों की सेवा की जाती है। इस कार्यक्रम में डॉ हर्ष पान्डेय, सचिव रमेश अग्रवाल, डॉ राजेश दुबे आदि मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय सम्मेलन रायगढ़ में कल से



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का दो दिवसीय सम्मेलन और संगोष्ठी का आयोजन 3 जनवरी से नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में किया जा रहा है। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार गुप्ता तथा जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार श्रीवास ने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चार पुरुषार्थों - राष्ट्रीय हित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन 3 व 4 जनवरी को पंजरी प्लांट नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री ओ पी चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री गजेंद्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद रायगढ़ राधेश्याम रठिया , सांसद महासमुंद रूप कुमारी चौधरी, सांसद जांजगीर कमलेश जांगड़े , महापौर रायगढ़ जीवर्धन चौहान , अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ शिखा रविंद्र गबेल, कमल किशोर पटेल, उषा पटेल होंगी। आज की तैयारी बैठक में अनिल गौरहा, संतोष तिवारी, राजेंद्र कुमार श्रीवास, ड़ा एम एल पटेल, डॉ ए के गुप्ता, शिवकुमार श्रीवास, दिलीप कुमार शर्मा, मधुसूदन शर्मा, डा रामबाबू गुप्ता, सुरेन्द्र दुबे, जे पी ध्रुव, वेद प्रकाश साहू, नीलकंठ वर्मा, परितोष वाजपेई, राजेश कश्यप, जगदीश साहू, संजय रजक, वीणा तिवारी, वनमाला तिवारी, रश्मि द्विवेदी, ईश्वर तिवारी, सूर्यकांत शर्मा, रामभरोस श्रीवास आदि मौजूद थे।

### लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन 40 वें दिन भी जारी, किया सुंदर कांड का पाठ



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह बचाओं आंदोलन 40 वे दिन भी जारी रहा। आज सुंदर कांड का पाठ किया गया। आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। सर्वदलीय महाधरना के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। गरीबों का आशियाना बचाने लिगियाडीह बचाओ सर्वदलीय महा धरना कुछ परिवार के साथ आंदोलन शुरू हुआ जो धीरे-धीरे महाधरना का रूप लेते गया। जिसमे लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ-साथ विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के अन्य नेता कांग्रेस पुरा संगठन भी शामिल हुए। इसके साथ ही अन्य राजनीतिक दल सामाजिक संगठन सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा के नेता भी धरना स्थल पहुंच कर समर्थन दिए। आज 40 वें दिन महा धरना स्थल पर सुंदरकाठ पाठ का आयोजन किया गया। आंदोलन स्थल पर प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, पवन शर्मा, दिलीप पाटिल, वार्ड पार्षद डॉ. रघु, श्याम मूरत कौशिक, भोलाराम साहू, परसराम कश्यप, दिनेश घोरे, कमल घोरे, सोनू गोस्वामी श्रवण मानिकपुरी, अनिकेत कश्यप, बाबा शर्मा,डॉ अशोक शर्मा, रूपेश साहू, रामशरण कश्यप टीकम सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी भी देखने को मिली। जिनमें सोनबाई गोड़, परमिला ध्रुव, अनिता ध्रुव, नंदनी ध्रुव, आरती श्रीवास, मालती यादव, रामबाई माजिपी, शीला सिंह, सीता साहू, संगीता भादव, जयकंवर अहिरवार, अजनी रजक, कल्याणी यादव, , मोगरा यादव, बाई चौहान, पिल्ली बाई, मालती मानिकपुरी, अनुपा श्रीवास, जानकी गोड़, कुमारी मानिकपुरी, संतोषी श्रीवास, रामवाई मानिकपुरी, खोरबहारिन यादव आदि मौजूद रहीं।

## नई समय सारिणी

### नए समय और नए नम्बर के साथ यात्रियों को आरक्षण बुकिंग और अनारक्षित टिकिट दी जा रही

# बदल गया ट्रेनों के आवागमन का समय और लोकल के नम्बर

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के बिलासपुर, उसलापुर सहित अन्य स्टेशनों में आने-जाने के समय में परिवर्तन करने के अलावा लोकल, मेमू और पैसेंजर ट्रेनों का नंबर चेंज कर दिया है। यह योजना एक जनवरी यानि नव वर्ष से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों के लिए लागू कर दी गई है, जिसमें नए समय और नए नम्बर के साथ यात्रियों को आरक्षण बुकिंग और अनारक्षित टिकिट दी जा रही है।



रेलवे बोर्ड के आदेश पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय ने बिलासपुर सहित रायपुर, नागपुर के अलावा 315 छोटे-बड़े रेलवे स्टेशन से चलने और स्टापेज होने वाली 110 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के परिचालन समय में 20 से 30 मिनट की कमी और बढ़ोत्तरी कर दी है। इसके अलावा तीनों डिवीजन से चलने वाली 145 लोकल एवं पैसेंजर, डेमू व मेमू ट्रेनों के नम्बर को चेंज कर दिया गया है। लोकल के नए नम्बर के अलावा यात्रियों को अब एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में सफर करने के लिए नई समय-सारिणी के अनुसार ही स्टेशन में पहुंचना होगा।

### बिलासपुर डिवीजन की ट्रेनें

- 22910 पुरी-बलसाड़ एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में 11.00 से 11.15 बजे तक, पेण्ड्रारोड में 12.58 से 13.00 बजे तक, अनूपपुर में 13.45 से 13.50 बजे तक, शहडोल में 14.33 से 14.35 बजे तक।
- 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस चांपा स्टेशन में 9.16 बजे से 09.18 बजे तक।
- 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस उसलापुर स्टेशन में 23.05 बजे से 23.15 बजे तक, अनूपपुर स्टेशन में 01.15 बजे से 01.20 बजे तक।
- 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस उसलापुर स्टेशन में 23.05 बजे से 23.15 बजे तक, अनूपपुर स्टेशन में 01.15 बजे से 01.20 बजे तक।
- 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस उसलापुर स्टेशन में 23.05 बजे से 23.15 बजे तक, अनूपपुर स्टेशन में 01.15 बजे से 01.20 बजे तक।
- 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से 11.35 बजे रवाना के बाद पेण्ड्रारोड में 13.30 से 13.35 बजे तक, अनूपपुर में 14.17 से 14.22 बजे तक, शहडोल में 15.12 बजे से 15.22 बजे तक।
- 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस शहडोल स्टेशन में 22.25 बजे से 22.35 बजे तक, अनूपपुर 23.25 से 23.30 बजे तक, पेण्ड्रारोड में 00.13 से 00.18 बजे तक, उसलापुर स्टेशन में 01.58 से 2.00 बजे तक।
- 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस बिलासपुर से 22.20 बजे रवाना होकर उसलापुर स्टेशन में 22.31 से 22.33 बजे तक, पेण्ड्रारोड में 00.10 से 00.15 बजे तक, अनूपपुर में 00.58 से 01.03 बजे तक।
- 18241 दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस उसलापुर स्टेशन से 00.10 से 00.20 बजे तक, अनूपपुर स्टेशन में 02.50 से 3.00 बजे तक।
- 18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में अनूपपुर स्टेशन में 01.45 से 01.55 बजे तक, पेण्ड्रारोड में 02.45 से 02.50 बजे तक।
- 18250 कोरबा-रायपुर एक्सप्रेस चांपा में 07.08 से 07.10 बजे तक, बिलासपुर में 08.20 से 08.25 बजे तक।
- 18252 कोरबा-रायपुर एक्सप्रेस चांपा में 07.08 से 07.10 बजे तक, बिलासपुर में 08.20 से 08.25 बजे तक।
- 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस उसलापुर स्टेशन में 23.55 से 23.57 बजे तक, पेण्ड्रारोड स्टेशन में 01.34 से 01.36 बजे तक।
- 22648 त्रिवेन्द्रम-कोरबा एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन में 00.15 से 00.25 बजे तक।

### जनरल में भी आधार वेरिफिकेशन

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन टिकिट की बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन को जरुरी किया गया है। रेल प्रशासन ने केवल आनलाइन रिजर्वेशन ही नहीं बल्कि जनरल बुकिंग कराने वाले यात्री का आधार सिस्टम से वेरिफिकेशन जरुरी किया है। बोर्ड के आदेश पर यह तय किया गया है कि सुबह 8 से 10 बजे तक केवल आधार वेरीफाइड आईआरसीटीसी यूजर्स ही ट्रेन टिकिट बुक कर सकेंगे।

### चार्टिंग भी 10 घंटे पहले

रेलवे बोर्ड के नए आदेश मिलने के बाद रिजर्वेशन चार्ट को लेकर नियम बदल दिया गया है। चार्ट ट्रेन चलने से 10 घंटे पहले जारी होगा, जो पहले चार घंटे बाद में 8 घंटे पहले जारी होता था, अब उसे 10 घंटे पहले जारी कर दिया जाएगा। इससे उन यात्रियों को पता चल जाएगा, जिनके पास वेटिंग टिकिट है या उनकी टिकिट कंफर्म है कि नहीं। रेलवे की नई व्यवस्था के तहत बड़े बदलाव आनलाइन और आफलाइन तत्काल टिकिट बुकिंग में भी किए गए हैं।

### तत्काल में ओटीपी लागू

आनलाइन के साथ आरक्षण कार्यालय में भी तत्काल बुकिंग कराने वाले यात्रियों को बिना ओटीपी के टिकिट नहीं दी जा रही है। रिजर्वेशन के लिए यात्रियों को आधार बेस्ड ओटीपी देना पड़ रहा है। वहीं एडवांस टिकिट बुकिंग यानि एआरपी को 120 दिन से घटाकर सीधे 60 दिन किया गया है। 120 दिन की एडवांस बुकिंग की सीमा समाप्त करने के बाद कैंसिलेशन की संख्या में भी कमी आई है।

### सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए टेबल, कुर्सी, बेंच तक नहीं

# स्कूलों में शुरू नहीं हो सकी प्रैक्टिकल परीक्षा ना लैब हैं ना उपकरण रखने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में दसवीं और बारहवीं की प्रैक्टिकल परीक्षा 1 जनवरी से शुरू होनी थी लेकिन 100 से अधिक स्कूलों में यह प्रैक्टिकल शुरू नहीं हो सकी, क्योंकि व्यवस्था ही नहीं बन सकी थी। इन स्कूलों में उपकरणों के रखने की जगह ही नहीं है। हाल यह है कि जिले के अधिकांश सरकारी स्कूलों में लैब की व्यवस्था तक नहीं है। लैब के लिए अलग से कक्ष नहीं होने के कारण प्रैक्टिकल सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए टेबल, कुर्सी, बेंच तक नहीं है। ऐसे स्कूलों में लैब का सामान जमीन पर अव्यवस्थित तरीके से बिखरा रहता है। कई जगहों पर ठीक ढंग से रखरखाव नहीं होने से लैब की सामग्री धूल खा रही है, जिससे वह उपयोग करने लायक तक नहीं बची है।

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति में यह परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को किसी भी स्थिति में दोबारा अवसर नहीं मिलेगा। स्कूल अपनी मर्जी से बाह्य परीक्षक नियुक्त नहीं कर सकेंगे, ऐसा करने पर परीक्षा अमान्य मानी जाएगी। आंतरिक परीक्षक संस्था स्तर पर विषय शिक्षक होंगे। शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले के 716 स्कूलों में एक साथ प्रैक्टिकल परीक्षा होगी, जिसमें 37,241 छात्र शामिल होंगे। प्रैक्टिकल परीक्षा में गत वर्षों की बची हुई उत्तरपुस्तिकाओं का उपयोग किया जाएगा। कमी होने पर स्थानीय स्तर पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। पात्रता के अभाव में निरस्त किए गए विद्यार्थियों के प्रायोगिक अंक मंडल द्वारा मान्य नहीं किए जाएंगे।



#### लैब के लिए कमरा है पर टेबल-कुर्सी नहीं

मस्तूरी ब्लाक के हाई स्कूल में लैब के लिए अतिरिक्त कमरा तो है, लेकिन प्रैक्टिकल का सामान रखने के लिए वहां टेबल, कुर्सी, बेंच की सुविधा नहीं होने के कारण लैब का सामान जमीन पर अव्यवस्थित तरीके से रख दिया गया है। रख-रखाव के अभाव में सामान चारों तरफ फैल गया है। स्कूल में 150 छात्र हैं। छात्रों का कहना है कि लैब के अभाव में प्रैक्टिकल की पढ़ाई ठीक से नहीं होती। शिक्षकों का भी कहना है कि स्कूलों में बेहतर लैब व उपकरणों के अभाव में वे बच्चों को विज्ञान का सही ज्ञान नहीं दे पा रहे है। पर्यावरण, विज्ञान, फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायलोजी के छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान देने के लिए खुले में या अतिरिक्त कक्षों में अघोषित लैब बनाई जा रही है। कुछ स्कूलों में प्रेक्टिकल सामग्री उपलब्ध है पर लैब नहीं है। इन स्कुलों में न तो अलग से विज्ञान विषय के लिए विशेश कक्ष बनाए गए हैं और न ही मानकों के अनुसार उपकरणों की उपलब्धता नहीं है।

#### 1 से 20 जनवरी तक होंगी प्रैक्टिकल परीक्षाएं

माशिमं द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। वहीं बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू होंगी। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अपनी सुविधा के अनुसार निर्धारित अवधि में प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित करेंगे। प्रैक्टिकल परीक्षा में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की रहेगी। अनुपस्थित विद्यार्थियों को न तो विशेष अनुमति दी जाएगी और न ही किसी प्रकार का पुनः अवसर मिलेगा।

#### बाह्य परीक्षक की नियुक्ति केवल माशिमं द्वारा

प्रैक्टिकल परीक्षा माशिमं द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षक की उपस्थिति में ही संपन्न होगी। स्कूल अपने स्तर पर बाह्य परीक्षक नियुक्त नहीं कर सकेंगे। यदि ऐसा किया गया तो प्रैक्टिकल परीक्षा को अमान्य माना जाएगा। वहीं आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति संस्था स्तर पर होगी, जिसमें संबंधित विषय शिक्षक को ही आंतरिक परीक्षक बनाया जाएगा।

#### शुरू हो गई है स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा

जिले के स्कूलों में एक जनवरी से प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू हो गई है। जहां परेशानी आ रही है वहां व्यवस्था कराई जा रही है। परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को किसी भी स्थिति में दोबारा अवसर नहीं मिलेगा। स्कूल अपनी मर्जी से बाह्य परीक्षक नियुक्त नहीं कर सकेंगे, ऐसा करने पर परीक्षा अमान्य मानी जाएगी।

**- विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

### विधायक अमर ने किया कर्मचारी संघ के नववर्ष कैलेंडर और डायरी का विमोचन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला एवं प्रांतीय अवकाश कैलेंडर तथा डायरी 2026 का विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल के द्वारा आज उनके स्थानीय निवास पर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संघ के उपस्थित पदाधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कैलेंडर द्वारा कार्यालय एवं संस्थानों में समयानुसार कार्य करने तथा शासकीय अवकाश की जानकारी कर्मचारियों अधिकारियों को प्राप्त होती है। संघ के पदाधिकारी ने उन्हें भी नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए विमोचन करने आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रांतीय समन्वयक जी आर चंद्रा, हिमांचल साहू, जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा, रामकुमार यादव, श्याम उरांव, प्रशांत कोनहेर, विजय तिवारी, राजेश्वर वस्त्रकार, चंद्रशेखर यादव, एम बंजारे, डॉक्टर पूनम सिंह, सीमा वर्मा,अनुराधा सिंह, पूर्णिमा उपाध्याय, संगीता शर्मा,आरती राय, ममता धनगर, अन्नपूर्णा यादव, शिमला कौशिक आदि मौजूद थीं।

### रेल कर्मचारी ट्रैक एसोसिएशन के नववर्ष कैलेंडर का एडीआरएम ने किया विमोचन



**बिलासपुर।** रेल कर्मचारी ट्रैक एसोसिएशन के वर्ष 2026 का कैलेंडर का विमोचन करवाया रेलवे एडीआरएम ने किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्ही रवि ने बताया कि 1 जनवरी को एसईसी रेल्वे बिलासपुर के रेल्वे एडीआरएम के.श्रीनिवास से मुलाकात कर एसोसिएशन के नए वर्ष का कलेक्टर का विमोचन किया गया। साथ में डीआरयूसीसी मेंबर जी रविकन्ना और बिलासपुर, तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति पदाधिकारियों ने एडीआरएम से तेलुगू संयुक्त समाज द्वारा 4 जनवरी को चांपी जलाशय में आयोजित पिकनिक में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। नूतन वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के जोनल सचिव नरेंद्र कुमार, व्ही मधुसूदन राव, सचिव जे जगन पटनायक, ए ईश्वर राव, के वेंकट राव, जी सम्मुख राव, अमरनाथ बद्री, जी श्रीनिवास राव, जगन मोहन, एन संतोष, पी कमेश्वर राव, सोनवानी, मनोज कुमार, श्याम सुंदर आदि शामिल थे।

### सहयोग देने वाली संस्थाओं का किया गया सम्मान

# सड़क सुरक्षा सप्ताह प्रारंभ, आज बाइक रैली में शामिल होने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का विधिवत शुभारंभ स्थानीय चेतना हॉल में में 1 जनवरी को संभागायुक्त सुनील जैन, पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, आयुक्त नपानि प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में किया गया।

प्रारंभ में एसएसपी श्री सिंह ने बिलासपुर जिले की यातायात व्यवस्था संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें खतरनाक सड़क खण्डो, ब्लैक स्पॉट, आदि स्थानों में समाधान कर्क एवं सुधारात्मक कार्यवाही उपरान्त सड़क दुर्घटना मे कमी, का उल्लेख किया।



आईजी संजीव शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर पुलिस एवं आमजनो की सहयोग से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में बिलासपुर जिले में सड़क दुर्घटना से सर्वाधित मृत्यु दर में कमी आई है। साथ ही उन्होंने सम्पूर्ण शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिये शहर को सेक्टरों में बांट कर आम जनो को पुलिस के साथ साथ इसका सहयोगी उत्तरदायित्व सौपने की बात कही। जीवधर्णी फाउंडेशन द्वारा विशेष यातायात जागरूकता सप्ताह चलाने के लिए विकास वर्मा एवं यातायात जागरूकता पर आधारित लघु फिल्म बनाने के लिए आर्यन फिल्म के डायरेक्टर रामानन्द तिवारी एवं कलाकार उमाशंकर पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह चन्देल सहित अन्य कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने 2 जनवरी को हेलमेट जागरूकता बाइक रैली में अधिक से अधिक भाग लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज सिन्हा, डॉ. आशीष शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, निवेदिता सरकार, विद्या गोवर्धन, चुन्नी मौर्य, प्रीत पाल सिंह बाली, अपुअ ग्रामीण अर्चना झा, अपुअ शहर पंकज पटेल, अपुअ अनुज कुमार, अपुअ रश्मित कौर चावला, शिवचरण सिंह परिहार, मंजूलता केरकेट्टा, अनिताप्रभा मिंज, भूपेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ट्रेनों का बदला हुआ नंबर

| पुराना नंबर | नया नंबर | पुराना नंबर | नया नंबर |
|---|---|---|---|
| 0 08119 | 58819 | 0 08805 | 68805 |
| 0 08120 | 58820 | 0 08806 | 68806 |
| 0 08210 | 58210 | 0 08808 | 68808 |
| 0 08261 | 58201 | 0 08815 | 78815 |
| 0 08262 | 58202 | 0 07810 | 78810 |
| 0 08263 | 58213 | 0 07811 | 78811 |
| 0 08264 | 58214 | 0 07812 | 78812 |
| 0 08265 | 58821 | 0 07813 | 78813 |
| 0 08266 | 58822 | 0 07814 | 78814 |
| 0 08267 | 58205 | 0 07817 | 78817 |
| 0 08268 | 58206 | 0 07819 | 68815 |
| 0 08269 | 58221 | 0 07820 | 68816 |
| 0 08270 | 58222 | 0 07821 | 68809 |
| 0 08271 | 58823 | 0 07822 | 68810 |
| 0 08272 | 58824 | 0 07823 | 78823 |
| 0 08273 | 58825 | 0 07825 | 78825 |
| 0 08274 | 58826 | 0 07826 | 78826 |
| 0 08275 | 58207 | 0 07827 | 78827 |
| 0 08276 | 58208 | 0 07830 | 68818 |
| 0 08277 | 58217 | 0 08701 | 68701 |
| 0 08278 | 58218 | 0 08702 | 68702 |
| 0 08279 | 58203 | 0 08703 | 68703 |
| 0 08280 | 58204 | 0 08704 | 68704 |
| 0 08281 | 58815 | 0 08705 | 68705 |
| 0 08282 | 58816 | 0 08706 | 68706 |
| 0 08283 | 58817 | 0 08707 | 68707 |
| 0 08284 | 58818 | 0 08708 | 68708 |
| 0 08285 | 58827 | 0 08709 | 68709 |
| 0 08286 | 58828 | 0 08710 | 68710 |
| 0 07801 | 68813 | 0 08711 | 68711 |
| 0 07802 | 68814 | 0 08712 | 68712 |
| 0 07803 | 78803 | 0 08713 | 68713 |
| 0 07804 | 78804 | 0 08714 | 68714 |
| 0 07805 | 78805 | 0 08715 | 68715 |
| 0 07806 | 78806 | 0 08716 | 68716 |
| 0 07807 | 68811 | 0 08717 | 68717 |
| 0 07808 | 68812 | 0 08718 | 68718 |
| 0 07809 | 78809 | 0 08719 | 68719 |
| 0 8728 | 68728 | 0 08721 | 68721 |
| 0 08729 | 68729 | 0 08723 | 68723 |
| 0 08730 | 68730 | 0 08724 | 68724 |
| 0 08731 | 68731 | 0 08725 | 68725 |
| 0 08732 | 68732 | 0 08726 | 68726 |
| 0 08733 | 68732 | 0 08727 | 68727 |
| 0 08734 | 68734 | 0 08816 | 78816 |
| 0 08735 | 68735 | 0 08818 | 78818 |
| 0 08736 | 68736 | 0 08824 | 78824 |
| 0 08737 | 68737 | 0 08833 | 78833 |
| 0 08738 | 68738 | 0 08834 | 78834 |
| 0 08739 | 68739 | 0 08861 | 68861 |
| 0 08740 | 68740 | 0 08862 | 68862 |
| 0 08741 | 68741 | 0 01319 | 61123 |
| 0 08742 | 68742 | 0 01320 | 61124 |
| 0 08743 | 68743 | 0 01321 | 61125 |
| 0 08744 | 68744 | 0 01322 | 61126 |
| 0 08745 | 68745 | 0 05703 | 51703 |
| 0 08746 | 68746 | 0 05704 | 51704 |
| 0 08747 | 68747 | 0 05705 | 51705 |
| 0 08748 | 68748 | 0 05706 | 51706 |
| 0 08749 | 68749 | 0 05709 | 51709 |
| 0 08750 | 68750 | 0 05711 | 51711 |
| 0 08751 | 68751 | 0 05712 | 51712 |
| 0 08754 | 68754 | 0 05713 | 51707 |
| 0 08755 | 68755 | 0 05714 | 51708 |
| 0 08756 | 68756 | 0 05755 | 51755 |
| 0 08757 | 68757 | 0 05756 | 51756 |
| 0 08758 | 68758 | 0 06617 | 61601 |
| 0 08759 | 68759 | 0 06618 | 61602 |
| 0 08801 | 68801 | 0 08527 | 58527 |
| 0 08802 | 68802 | 0 08528 | 58528 |
| 0 08803 | 68803 | 0 09589 | 59395 |
| 0 08804 | 68804 | 0 09590 | 59396 |

### 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट को कलेक्टर ने किया रवाना

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान "पीएम जनमन" के तहत जिले को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदृढ़ करने के लिए तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन प्रदान किए गए हैं। इसका का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 31 दिसंबर 2025 को नए रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट विशेष रूप से जिले के दुर्गम एवं पिछड़े बैगा विशेष ग्रामों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छेरछेरा पुन्नी को रामचरित मानस का आयोजन



**लोरमी।** ग्राम विचारपुर के श्रीसिद्ध बाबा आश्रम मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवान्ह पारायण का आयोजन 3 जनवरी छेरछेरा पुन्नी से किया जा रहा है। सोमवार 19 जनवरी को स्वामी शिवानंद महाराज श्री सिद्ध आश्रम बेलगहना का मंगलमय पदार्पण करेंगे। ग्रामवासियों एवं भक्ति मंडलों द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ सेवा कार्य किया जा रहा है।

### एसआईआर की समीक्षा को लेकर बैठक



**लोरमी।** विधानसभा के डिंडौरी मंडल के फुलवारी शक्ति केन्द्र में गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर आयोजित की गई, जिसमें बूथ स्तर कार्य की प्रगति, फार्म भरवाने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विनय साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चिरायु योजना ने दी बच्ची को नई मुस्कान

**मुंगेली।** शासन की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे जो जन्मजात कटे-फटे होंठ, मोतियाबिंद, टेढ़े–मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित विभिन्न प्रकार की बीमारी तथा विकृति पर निशुल्क उपचार होता है। इसी क्रम में 3 साल की बच्ची के होंठों का निशुल्क ऑपरेशन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि योजना के तहत 3 माह के बच्ची तान्या पटेल के कटे-फटे होंठ का निशुल्क सफल ऑपरेशन कराया गया। चिरायु दल ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान तान्या पटेल में जन्मजात कटे-फटे होंठ की पहचान की। उपचार प्रक्रिया में चिरायु नोडल अधिकारी ड. कमलेश कुमार, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित लाल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक निमिष मिश्रा, डॉ अखिलेश बंजारे एवं चिरायु टीम के डॉ ज्योति पाण्डेय, डॉ शैलेन्द्र बासंती सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

## निधन

### भारती जेठमलानी



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर निवासी डी 91 निवासी भारती जेठमलानी का 1 जनवरी को सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 जनवरी को उनके निवास से तिफरा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व: छतूमल जेठमलानी की पुत्रवधु व मनोज जेठमलानी की की पत्नी,प्रथम जेठमलानी की माता थीं।

### चन्द्रपाल पंजवानी



**बिलाससपुर।** पारिजात कैसल रिंग रोड नंबर 2 निवासी चन्द्रपाल पंजवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी में किया गया। वे स्व: टहलराम पंजवानी के सुपुत्र एवं राजेश व नरेश पंजवानी के पिता थे।

### रमा बाई



**बिलासपुर।** ग्राम जरौंधा निवासी रमा बाई का 1 जनवरी को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 2 जनवरी को गृह ग्राम जरौधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संतकुमार साहू की माता एवं मनीष साहू, सतीष साहू की दादी थीं।

### मलका बानो



**तखतपुर।** तखतपुर वार्ड नंबर 4 निवासी मलका बानो का 60 वर्ष की आयु में 1 जनवरी को निधन हो गया। वे सब इंस्पेक्टर रियाज खान, मुस्ताक खान, कलाम खान की मां एवं मौलाना खान की बहन थीं। उनको स्थानीय कब्रिस्तान में सपूर्द खाक किया गया।

### श्रीमती कुशल बंसल



**तखतपुर।** वार्ड 4 मिशन कम्पाउंड निवासी कुशल बंसल का 98 वर्ष की आयु में 1 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 2 जनवरी दोपहर 12 बजे प्रभु की वाटिका मुंगेली में किया जाएगा। वे सुरेश बंसल की मां थीं।

### परिवार सहित लोगों ने उठाया पिकनिक का आनंद

# नववर्ष पर श्रद्धालुओं ने किए डिडनेश्वरी देवी के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार





नववर्ष 2026 के मंगलमय होने की कामना करते हजारों लोगों ने धर्मनगरी मल्हार के मंदिरों में माथा टेका। बढ़ती ठंड के साथ मल्हार में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी है।

साल 2025 के आखरी दिन 31 दिसंबर को भी सैकड़ों लोग पहुंचे थे। इससे पहले गत रविवार को भी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे और यहां के प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन किए। साथ ही बच्चे भी गार्डन में मौज-मस्ती का आनंद लेते रहे। नववर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को भी बड़ी संख्या में पर्यटकों ने ऐतिहासिक नगरी को करीब से देखा। प्रतिवर्ष ऐसे ही बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुचकर नए वर्ष का स्वागत करते हैं तथा मां डिडनेश्वरी और भगवान पातालेश्वर महादेव से आशीर्वाद लेकर सुखमय वर्ष व्यतीत होने की कामना करते हैं। मंदिर के पुजारी रामकुमार चौबे ने बताया कि, सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग गई थी, और यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान स्कूली बच्चे भी नववर्ष को मंगलमय बनाने पहुंचे। पातालेश्वर मंदिर तथा भीम कीचक देउर मंदिर परिसर में बने भव्य गार्डन में सुबह से ही दर्शनार्थी पहुंच जमा हो गए। परिवार सहित पहुंचे लोगों ने मंदिर दर्शन के बाद गार्डन में नास्ते व भोजन का आनंद उठाया, कई महिला मंडलियों ने स्वयं ही खाना बनाकर पिकनिक का आनंद उठाया।

**नया कलेवर रहा आकर्षण का केंद्र**

पहली बार मां डिडिनेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का नया कलेवर आकर्षण का केंद्र रहा। प्राचीन मंदिरों के अलावा गढ़ किला को भी बहुत से पर्यटकों ने करीब से देखा, चारों तरफ पेड़-पौधों से आच्छादित किला भी लोगों को खूब भाया। यहां खुदाई में मिले पुराने मकान के अवशेष व प्राचीन घर की डिजाइन देख लोग उत्साहित हुए। पातालेश्वर मंदिर के संग्रहालय में रखी मूर्तियों का दीदार भी लोगों ने किया, साथ ही प्राचीन मूर्तियों संग सेल्फी भी ली। बच्चों ने गार्डन की फिसलपट्टी और झूले का खूब मजा लिया। इस बार भी आसपास के गांवों के अलावा बिलासपुर जिले सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक मल्हार पहुंचे।

**सुविधाओं में हो वृद्धि**

पर्यटन के लिहाज से घूमने मल्हार आए कुछ युवकों ने कहा कि, यहां प्राचीन अवशेषों की कोई कमी नहीं है। छग के प्रमुख पर्यटन स्थलों में यहां की गिनती होना चाहिए, लेकिन लोगों के मनोरंजन की सुविधा यहां नहीं है। मन्दिरों के आसपास के तालाबो में बोटिंग की सुविधा होने चाहिए तब पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इसके अलावा यहां मोटल रेस्टोरेंट की भी सुविधा होनी चाहिए। इसको लेकर यहां के जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियो को ध्यान देना चाहिए। प्राचीन मूर्तियों के लिए जिले में विख्यात मल्हार पहुंचे कोरबा के एक पर्यटक ने कहा कि, यह अद्भुत स्थान है, यहां प्राचीन मूर्तियों के अवशेष बहुत ही मनमोहक हैं। उन्होंने बताया कि, इतनी बड़ी संख्या में एक जगह पुरानी मूर्तियों को पहली बार देख रहे हैं।

# अंचल में नए वर्ष की धूम, रात भर चला जश्न का सिलसिला



**मुंगेली।** नए वर्ष के प्रथम दिवस पर गार्डन एवं मंदिरों में लोगों की भीड़ लगी रही। युवा वर्ग नए वर्ष को यादगार बनाने के लिए पिकनिक स्पॉट पर जश्न मनाते रहे। गली-मोहल्लों में महफिल सजाई गई और देर रात लोग डीजे की धुनों पर झूमते-नाचते रहे। घड़ी में 12 बजते ही शुरू हुआ उल्लास पूरे रात जारी रहा। पटाखों और आतिशबाजी के बीच नए साल की शुरूआत की गई। दूसरे दिन 1 जनवरी को लोग एक-दूसरे को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते रहे।

नए वर्ष के स्वागत करने के लिये युवा वर्ग 2-3 दिन पूर्व से ही तैयारी में जुट हुए थे। लोग न्यू ईयर मनाने के लिए उत्साहित नजर आए। सड़कों पर हैप्पी न्यू ईयर, वैलकम 2026 आदि नारे लिखकर लोग 31 दिसंबर को सेलीब्रेट करते रहे। रात्रि में बच्चे एवं युवाओं ने आतिशबाजी कर नए साल का स्वागत किया। सड़क व गलियों से लेकर घरों में लोगों ने जश्न मनाते हुए रात के तीसरे पहर तक धमाल मचाया। मोहल्लों में अलग–अलग महफिलें सजी रहीं, और लोग पकवानों का लुत्फ उठाते रहे। शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल के बीच नववर्ष 2026 का आगाज हुआ। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशियां बांटी।

**12 बजे शुरू हुआ बधाई का सिलसिला**

बधाई देने का सिलसिला रात 12 बजे से ही शुरू हो गया, जिसकी वजह से मोबाइल व इंटरनेट के सिग्नल भी व्यस्त हो गए एवं लोगों को एक दूसरे को कॉल करने व संदेश भेजने में असुविधा हुई। वाट्सएप के जरिए लोग एक–दूसरे को नए वर्ष की बधाईयां देते रहे। जिले में नए साल की खुशियां मनाने के लिए हॉटल और डांस फ्लोर की कमी लोगों को खली। इसी वजह से लोगों ने अपने बच्चों और घरवालों के साथ पार्टी का आयोजन कर केक काटे तो कई जगह में डीजे व फटाके के साथ मौज मस्ती व धूम मचाई गई।

**मंदिरों में लगी भीड़-** लोगों ने नए वर्ष का शुभारंभ पिकनिक स्पाट, मंदिर, जंगल एवं दर्शनीय स्थलों पहुंच कर किया। सुबह से ही श्रद्धालु महिलाओं एवं बच्चे नगर के शंकर मंदिर, महामाया मंदिर एवं सांई मंदिर में जाकर वर्ष के प्रथम दिन की शुरूआत की। लोग दिन भर एक-दूसरे को नए वर्ष की बधाई तथा मोबाइल पर मेसेज में लगे रहे। नए वर्ष का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में शराब प्रेमी शराब खरीदने दुकान पहुंचे, जिससे वहां अच्छी खासी भीड़ लग गई।



## 24 घंटे चला श्रीअखंड दुर्गा चालीसा पाठ

**दगोरी।** धर्म की रक्षा के लिए पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम भगवती मानव कल्याण आश्रम मऊ द्वारा चालीसा पाठ के माध्यम से नशामुक्त, मांसाहारमुक्त व चरित्रवान समाज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। तथा राष्ट्र की रक्षा के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का गठन किया गया है।

उक्त बातें सनाड्य कुर्मी धर्मशाला में चालीसा पाठ महोत्सव अवसर पर उपस्थित भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश महासचिव श्याम सुंदर कौशिक ने कही। उन्होंने सभी से नशावांन नशामुक्त, मांसा हार ,चरित्रवान समाज निर्माण के लिए सभी से सहयोग की बात कही। इस मौके पर भगवती मानव कल्याण संस्थान के जिला कोषाध्यछ राजकुमार यादव तथा टीम प्रमुख बृजलाल यादव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर टीम प्रमुख मंगल निषाद, रामफल साहू, श्रवण कौशिक, कौशल कौशिक, फिरतू निर्मालकर, राजकुमार कौशिक, उमेश कौशिक, संदीप निषाद, चित्रलेखा, उमा ध्रुव, सुमन कौशिक, द्रोप्ति, ओंकार कौशिक, छबिलाल कौशिक सहित ज्वाला प्रसाद सन्नाट, बलदाऊ कौशिक, श्याम सुंदर सन्नाट, लक्ष्मीन कौशिक, संतोषी कौशिक, संतबाई, चंद्रभागा, इंद्रा कौशिक, अक्तछाय यादव, रीना बाई सहित हरिराम कौशिक साधक परिवार के सदस्य व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में उमड़ी भक्तों की भीड़



प्रवचन करते महावीरदासजी।

**मुंगेली।** जो जीव को परमात्मा तक पहुंचा दे, वही महात्मा हनुमानजी हैं। उन्होने लक्ष्मण को परमात्मा की गोद में पहुंचा दिया। जिन घरों में बुजुर्गों का आदर होता है, सम्मान होता है वह घर राम का होता है। और जिन घरों में बुजुर्गों का अनादर होता है, अपमान होता है वह घर राक्षसों का है। राम दल में जामवंत जैसा बुजूर्ग और हनुमान जैसे युवा के चलते प्रभु राम के दल की जीत हुई थी।

उक्त बातें नगर में आयोजित श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में महावीर दास बह्म महाराज झांसी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि, मनुष्य के शरीर की संरचना भगवान द्वारा की जाती है, उसका रख-रखाव भी उन्हीं के अनुसार होना चाहिए। नगर में 9 दिवसीय श्रीराम चरितमानस सम्मेलन का आयोजन बीआरसाव हाई स्कूल मैदान में प्रतिदिन 2 बजे से 7 बजे तक किया जा रहा है। इसमें भारत के ख्याति प्राप्त मानस प्रवक्ता के द्वारा मानस का रसपान श्रोताओं को कराया जा रहा है। कड़कडाती ठंड में भी मानस कथा में वक्ता के रूप में अलीगढ उप्र से आए मानस मित्र कथामृत संत रामकृष्ण, हबीपूरा ब्यावरा मप्र से मानस मधुकर पंडित कपिल कुमार शर्मा, वाराणसी से मानस कोकिला नीलम शास्त्री एवं वृन्दावन से मानस मर्मज्ञ रामज्ञान पांडेय ने नगर के श्रध्दालुओं को रामकथा का रसपान कराया।

## मंदिरों में दर्शन कर नववर्ष का स्वागत



**तखतपुर।** नववर्ष का आगाज हर्षोउल्लास के साथ हुआ जिसमें लोगों ने अपने अपने रूचि के अनुरूप नववर्ष का स्वागत किया। सुबह से ही मां महामाया मंदिर, राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। नए साल का स्वागत लोगों ने अपने अपने अंदाज में किया, अधिकांश लोगों ने मंदिरों में मत्था टेक कर अपने दिन की शुरूआत की। सुबह से ही लोग महामाया मंदिर पहुंचें और दर्शन कर साल खुशहाली के साथ व्यतीत होने की इसकी कामना की। इसके साथ ही राम मंदिर, जनकपुर रोड स्थित शिव मंदिर व अन्य मंदिरों में भी लोगों ने दर्शन किए। इसके बाद लोग पिकनिक और सैर-सपाटे के लिए निकले एवं आसपास के खुड़िया, बेलपान, पड़रिया, बीजा, अमोरा संगम, सागर तालाब पहुंच कर नए साल का जश्न मनाया।

# स्वेटर और कंबल बाटंकर विधायक ने मनाया नववर्ष

## बच्चों की खुशहाली- सरकार, समाज दोनों की जिम्मेदारी: धर्मजीत



बच्चों के साथ उपस्थित विधायक धर्मजीत सिंह।

**सकरी।** बच्चे देश के भविष्य हैं, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी खुशहाली की जिम्मेदारी सरकार और समाज दोनों की है, सरकार तो योजनाओं के माध्यम से इसे पूरा कर ही रही है, हमें भी अपना दायित्व निभाना है।

ठंड के इस मौसम में स्वेटर वितरण से बच्चों को राहत मिलेगी उक्त बातें ग्राम अजयपुर कला एवं खुर्द में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण के दौरान कही। उन्होंने बच्चों को मिठाई वितरण कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी, साथ ही बहतराई के आश्रित ग्राम दबेंना में कंबल का वितरण किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, विधायक धर्मजीत सिंह सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देते हैं, बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान ही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति द्वय अंबिका साहू, भारती माली, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, जनपद सदस्य जया जलेश्वर साहू, लखन सूर्यवंशी, मनहरण कौशिक, अरुण चौहान, ऋषभ कश्यप, सरपंच नेवरा मुंजन साहू, सरपंच बहतराई सुनीता संदीप साहू, विंध्यासार सरपंच सावित्री बलराम बिंझवार, परसदा सरपंच जगतराम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुमंत कौशिक, मंडल महामंत्री मोहन पाटले एवं आभार प्रदर्शन पूर्व उपसरपंच बिरज यादव व भवानी शंकर पांडेय ने किया ने किया।

इस अवसर पर जागेश्वर श्याम, फागराम, दिनेश बघेल, ब्रजेश साहू, शिक्षक नवीन यादव, आनंद अवस्थी, शानू दुबे, बबला श्याम, अभिषेक श्याम, जनपद पोर्ते, विद्याचरण, घनश्याम जगत, धानुक सिंह, प्रेमलाल पोर्ते, जयप्रकाश साहू, पुरन सिंह,प्रताप सिंह,योगेश साहू,गोकरण यादव, बिना गौड़, मीनाबाई यादव, कौशल्या सूर्यवंशी, सुनीता मेहर, मयाराम साहू, जागेंद्र यादव, मंदाकिनी कौशिक, व्यासनारायण साहू, प्रद्युम्न दुबे, राजकुमार यादव, घनश्याम साहू, चंद्रकांत कौशिक, राजकुमार यादव, राजकुमार बिंझवार, मेघराम गोंड, आनंद सिंह बिंझवार, राधाबाई बिंझवार, रीत राम यादव, भागवत यादव, परेटन बाई गोंड, बोधिनबाई, मितानिन ज्योति यादव, जागेश्वर यादव, नारायण साहू, नितेश साहू, प्रदीप पटेल, इंद्राणी गोंड सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं व ग्रामीण उपस्थित थे। आदिवासी समाज की मांग पर विधायक धर्मजीत सिंह ने अजयपुर में गोडवाना भवन के लिए 10 लाख एवं दबेंना में 10 लाख देने की घोषणा की। ग्रामीणों की मांग पर अजयपुर में पीडीएस दुकान खोलने एवं दुकान निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

# छेरछेरा पुन्नी मेला में शिवमहापुराण कथा



**सरगांव।** मुंगेली जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में 26 दिसंबर से आयोजित परंपरागत छेरछेरा पुन्नी मेला श्रद्धा, आस्था और उल्लास के वातावरण में निरंतर जारी है। यह ऐतिहासिक मेला आगामी 4 जनवरी को मातर पर्व के साथ संपन्न होगा।

वर्षों से अनवरत आयोजित हो रहा यह मेला क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक माना जाता है, जिसमें प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं पर्यटक सहभागिता करते हैं। मेले के दौरान दशकों से निरंतर शिवमहापुराण कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। इस वर्ष कथा व्यास पंडित रवि शर्मा भक्तों को भगवान शिव की महिमा, लीला और उपासना से ओत-प्रोत शिव पुराण कथा का भावपूर्ण, सरल एवं रसपूर्ण श्रवण करा रहे हैं। मेले में खान-पान की दुकानें, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खिलौने, आभूषण एवं अन्य आवश्यक सामग्री की अस्थायी दुकानों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं के लिए झूले व मनोरंजन के साधन भी लगाए गए हैं। आसपास के ग्रामीण परिवार अपने परिजनों के साथ मेले का आनंद ले रहे हैं। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण अंचल में आपसी मेलजोल, सामाजिक समरसता और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बना हुआ है। मेले में पुलिस बल की तैनाती है एवं नियमित गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**10 सड़क निर्माण के लिए 24.58 करोड़ राशि जारी**

# डिप्टी सीएम साव ने ग्रामीण क्षेत्रों को दी बड़ी सौगात



**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने नववर्ष के अवसर पर लोरमी विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़क निर्माण कार्यों के लिए 13 करोड़ 76 लाख 91 हजार रुपए जारी किए है। लोक निर्माण विभाग की ओर से कार्य स्वीकृति के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं, जिससे शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि, लोरमी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़कें विकास की आधारशिला होती हैं, इससे गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और इससे लोगों का जीवन आसान बनेगा। क्षेत्रवासियों के विश्वास और सहयोग से हम लोरमी को विकास के नए मुकाम तक पहुंचाएंगे। गौरतलब है कि, अरुण साव की यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास और बेहतर आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। करोड़ों रुपए के सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और खुशी का माहौल है। झझपुरी, सरईपतेरा, सारधा, उरईकछार, हरदीबांध, कोसाबांड़ी और बखर्रा सहित अनेक गांवों के ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों के लिए अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**पांच कार्यों के लिए जारी की गई राशि**

झझपुरी से रविदास पुल सरईपतेरा तक निर्माण के लिए 2 करोड़ 4 लाख 25 हजार रुपए, सरईपतेरा से सारधा तक सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 41 लाख 13 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। सरईपतेरा रविदास पुल से बोधापारा तक निर्माण के लिए 3 करोड़ 8 लाख 70 हजार रुपए, उरईकछार से हरदीबांध मार्ग के निर्माण के लिए 2 करोड़ 10 लाख 25 हजार रुपए तथा कोसाबांड़ी से बखर्रा पहुंच मार्ग के कार्य के लिए 4 करोड़ 12 लाख 58 हजार की स्वीकृति प्रदान की है।

**इससे पहले इन कार्यों के लिए जारी हुई राशि**

श्री साव के प्रयासों से कुछ दिन पहले बावाडोंगरी से कोसाबाड़ी, कोदवा से मोहबंधा, मुंगेली के राज्य मार्ग से सेनगुड़ा तक, डोंगरिया मेन रोड से मंडी तथा नवरंगपुर नवापुल से डी-3 हेडपुल मार्ग के लिए 10 करोड़ 81 लाख 66 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई थी। इस तरह कुल 24 करोड़ 58 लाख 57 हजार रुपए के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं।

## मंडल ने संभाला एनटीपीसी परियोजना प्रमुख का दायित्व



**सीपत।** एनटीपीसी सीपत में नए मुख्य महाप्रबंधक स्वपन कुमार मंडल ने 1 जनवरी को एनटीपीसी सीपत में परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। एनटीपीसी में 34 से अधिक वर्षों के महत्वपूर्ण अनुभव के साथ श्री मंडल ने विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य करते हुए नेतृत्व, संगठनात्मक दक्षता और उल्लेखनीय उपलब्धियों का परिचय दिया। कलकत्ता विश्वविद्यालय से टेलीकम्युनिकेशन एवं रडार में एमटेक की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात श्री स्वपन कुमार मंडल ने अपने पेशेवर सफर की शुरुआत वर्ष 1991 में एनटीपीसी में प्रशिक्षु कार्यकारी के रूप में की थी। अपने करियर के दौरान उन्होंने संचालन, योजना एवं प्रणाली तथा परियोजना निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। एनटीपीसी रिहंद एवं ऊंचाहार में कार्य के दौरान उनके नेतृत्व ने परियोजना प्रबंधन और संचालन में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की। उन्होंने 40 से अधिक विशेष प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं में भाग लेकर अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता को और सशक्त बनाया है।

### व्याख्याता संघ के जिला अध्यक्ष बने जितेंद्र



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने जितेंद्र शुक्ला को बिलासपुर का जिला अध्यक्ष बनाया है। जिला अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि, यह दायित्व केवल पद नहीं, बल्कि व्याख्याताओ के हित, सम्मान और अधिकारों के लिए समर्पित सेवा का अवसर है। संगठन की एकता, पारदर्शिता और गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए व्याख्याताओं की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सेवा-संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बिलासपुर जिले के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन किया है।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ। कि भूमि स्वामी डी. राजेश्वर राव पिता डी. देवराजू निवासी चंदन आवास राजकिशोर नगर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व अधिपत्य व कब्जे की भूमि मौजा–मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर खसरा नं. 993/2/ठ/14 रकबा 0.0280 हे. मे से कुल क्षेत्रफल 1950 वर्गफुट भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है। इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे। 07 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक: 01.01.2026

भवदीय
ललित विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
दयालबंद बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9340363261
9827171022

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/सम्मंस**

निष्पादन प्रकरण कमांक 28/2025
आदेश दिनांक –08.12.2025
पेशी दिनांक 08.01.2026
प्रोसेस कमांक– 219/25

अजय शुक्ला....................आवेदक/डिक्रीदार

**विरूद्ध**

कोमल साहू+ 01.....अनावेदक/ निर्णीत ऋणीगण

इस न्यायालय में आवेदक/डिक्रीदार अजय शुक्ला उम्र– 53 वर्ष पिता सुदामा प्रसाद शुक्ला निवासी ग्रीन पार्क कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने कोमल साहू आत्मज भैया राम साहू उम्र– 68 वर्ष निवासी– सीपत रोड सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर+ 01 अन्य छ.ग. शासन के विरूद्ध व्यवहार वाद क्रमांक 111 अ/2022 में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 16.06.2025 के निष्पादन हेतु निष्पादन प्रकरण प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08.01.2026 को नियत है। उक्त निष्पादन प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 01 कोमल साहू को इस सम्मंस को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से उपस्थिति हेतु सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 08.01.2026 को उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं आपके अनुपस्थिति में न्यायालय द्वारा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 08.01.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो उसके अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अतः आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक– 12/12/2025
स्थान– बिलासपुर छ.ग.

(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सैक्शन के उपयोग हेतु)


Happy Birthday
श्री नरेश पटेल
अध्यक्ष
नगर पंचायत बरेला
माननीय विधायक
श्री पुन्नू लाल मोहले जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए
विनीत : समस्त नगरवासी
नगर पंचायत बरेला
-संकलनकर्ता-पी.भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि जरहागांव (मुंगेली)
मो. 7389105897

खबर संक्षेप

## दो सूने मकानों में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। चोरों ने हाईकोर्ट आवासीय परिसर के दो सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, रहंगी रोड हाईकोर्ट आवासीय परिसर निवासी वैशाली नागरिया पति लक्की नागरिया 32 साल 24 दिसंबर को शीतकालीन अवकाश में अपने घर के दरवाजे का सेंट्रल लाक बंद कर मायके जबलपुर चली गई थी। 1 जनवरी 2026 को सुबह 4.30 बजे वे घर लौटीं तो दरवाजे का सेंट्रल लाक व दीवार टूटी दिखी, अंदर में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। दोनों आलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे सोने की दो जोड़ी बाली, एक जोड़ी झुमका, एक सोने की रिंग, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, 3 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। इसी तरह कालोनी में रहने वाले पिताम्बर प्रसाद साहू के दरवाजे का कुण्डी तोड़कर पूजा स्थल से चिल्हर 2000 रुपए, दो चांदी का सिक्का, दो नग चादर चोरी कर लिया है। दो सूने मकानों में चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस कालोनी पहुंचकर दोनों मकानों का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर**। कोनी क्षेत्र के सेंदरी-मोपका बाइपास में तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। रविवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि बिरकोना के पास तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि रविवार दोपहर बाइक सवार जयप्रकाश सूर्यवंशी(20) अपने दोस्त प्रेमनारायण के साथ नगोई की ओर से बिरकोना जा रहे थे। सेंदरी-मोपका बाइपास पर तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में जयप्रकाश को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। वहीं, प्रेमनारायण भी घायल हो गया। किसी ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। इधर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल जयप्रकाश की गुरुवार को मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### निगम सालाना पांच लाख रुपए खर्च का करता है दावा

### शहरवासी मच्छरों से बचने के लिए सालाना दो करोड़ रुपए से अधिक करते हैं खर्च

# निगम तोड़ रहा रिकार्ड, फागिंग-लार्वा कंट्रोल का टेंडर, चौथी बार निरस्त



**बिलासपुर**। निगम ने फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए जारी टेंडर अब तक चार बार निरस्त किया है। हर बार कुछ नया कारण निगम द्वारा बता दिया जाता है। इस कारण डेढ़ साल से लार्वा कंट्रोल की मुहिम बंद है और मच्छरों की संख्या अनियंत्रित हो चली है।

निगम प्रशासन दिखावे के लिए फॉगिंग मशीन चलवाता है, लेकिन इससे मच्छरों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। लोग परेशान, बीमार पड़ रहे हैं। हालात इतने बिगड़ गए कि निगम सालाना पांच लाख रुपए खर्च कर मच्छर उन्मूलन का दावा करता है तो इधर शहरवासी मच्छरों से बचने के लिए सालाना दो करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रहे हैं। कई फागिंग मशीनों के खराब होने की बात भी सामने आ रही है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने डेढ़ लाख रुपए का केमिकल देने के साथ ही निगम को 10 नई फागिंग मशीनें दीं थी। इसे सभी जोन आफिसों में भेजा गया था लेकिन वहां भी इन मशीनों को डंप कर दिया गया है। 70 वार्डों वाली न्यायधानी के लोग मच्छरों से परेशान हैं। घर हो या दफ्तर, दिन हो या रात, इनके प्रकोप से सभी त्रस्त हैं। नगर निगम ने महीनों से लार्वा कंट्रोल बंद कर रखा है। कुछ दिन पहले मच्छरों को मारने के लिए फॉगिंग मशीनें जरूर चलाई गईं लेकिन ये वीआईपी इलाकों तक सीमित होकर रह गई हैं। ज्ञात हो कि निगम सालभर में लार्वा कंट्रोल और फॉगिंग मशीनों पर 5 लाख रुपए सालाना खर्च कर रहा है। इसके विपरीत आम लोग मच्छरों से बचने के लिए लिक्विड, क्वाइल, टिकिया, स्पेयर आदि पर 2 करोड़ से डेढ़ करोड़ रुपए हर महीने खर्च कर रही है। एक कमरे में एक क्वाइल जलाने से 2 रुपए और 3 कमरों में 6-8 रुपए का रोजाना खर्च है।

### पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग

नगर निगम अधिकारी दावे कर रहे हैं सबकुछ बेहतर है। इसके उलट वार्ड के लोग सालों से परेशानी झेलने को मजबूर हैं। नगर निगम की फॉगिंग मशीन विशेष क्षेत्रों को छोड़कर कहीं दिखाई नहीं दे रही है, जबकि पूरे शहर में लोग मच्छरों से परेशान हैं। पहले सुबह और शाम को अधिक मच्छर होने की शिकायत करते थे, अब 24 घंटे मच्छर लोगों को काट रहे हैं। मच्छर पनपने का प्रमुख कारण नालियों में एंटी लार्वा की कमी है। साथ ही नियमित रूप से फॉगिंग भी नहीं की जा रही है। जानकारी के मुताबिक निगम की एक सबसे बड़ी मशीन हाईकोर्ट परिसर में लगाई गई है, जबकि एक मशीन वीआईपी के लिए रिजर्व है। इतना ही नहीं एक मशीन को इमरजेंसी के लिए सुरक्षित रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग कराई जाती है। वहां से सब ओके मिलने के बाद ही कर्मचारी आगे बढ़ते हैं।

### जुगाड़ के दम पर चल रही फागिंग मशीनें

दूसरी ओर फागिंग मशीनों की देख-रेख और मेंटेनेंस के लिए कुछ नहीं हो रहा है। जुगाड़ के दम पर इसे चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में 8 जोन हैं। एक जोन में कम से कम 3 मशीन हर दिन चलनी चाहिए लेकिन एक भी नहीं चल रही है। कर्मचारियों के मुताबिक हर दूसरे दिन मेंटेनेंस की जरूरत पड़ती है। ज्ञात हो कि 2014 से पहले 9 मशीनें खरीदी गई थी। बाद में 2016 में 4 प्लास्टिक बाडी वाली मशीनें खरीदी गई। इसमें से 2 मशीन खराब है।

### कराई जा रही फागिंग

पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग कराई जाती है। वहां से सब ओके मिलने के बाद ही कर्मचारी आगे बढ़ते हैं। कहीं से कोई शिकायत तो नहीं आई है। सभी जोन आफिस में फागिंग मशीनें उपलब्ध भी हैं। फागिंग और लार्वा कंट्रोल का टेंडर फाइनल नहीं किया गया है। फिलहाल विभागीय स्तर पर ही फागिंग कराई जा रही है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वाल्व फटने के कारण बढ़ी यह परेशानी

# 300 करोड़ की योजना पटरी से उतरी, 9 वार्डों में पानी सप्लाई ठप, 60 हजार लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नगर निगम की 3 सौ करोड़ की जलापूर्ति व्यवस्था फिर पटरी से उतर गई है। बिरकोना स्थित अमृत मिशन के जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के वाल्व चैंबर में खराबी आने के कारण 1 जनवरी को शहर के कई वार्डों में नल से पानी नहीं मिला। अधिकारियों के मुताबिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वाल्व फट गया है। इसके सुधार में एक सप्ताह का समय लगने की बात कही जा रही है। निगम के मुताबिक में इससे खास तौर पर व्यापार विहार पानी टंकी से पानी सप्लाई प्रभावित होगी और सुबह के समय ही पानी सप्लाई होगी। शाम के समय इसे बंद कर दिया जाएगा। इस तकनीकी समस्या के कारण तालापारा, मरी माई रोड, भारत चौक, कुम्हारपारा, ग्रीन पार्क कॉलोनी, अज्ञेय नगर, वार्ड नं. 27 विनोबा नगर, क्रांति नगर बैंक कॉलोनी, तारबाहर, शेष कॉलोनी और एफसीआई गोडाउन सहित 9 वार्डों में जलप्रदाय प्रभावित हुआ है और 60 हजार से अधिक लोगों को परेशानी हो रही है।

नगर निगम के मुताबिक शहर में अमृत मिशन के अंतर्गत कुल 22 पानी की टंकियों से जल आपूर्ति की जाती है। इनमें से व्यापार विहार, गणेश नगर और हेमू नगर की पानी टंकियों से 1 जनवरी को पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसके सुधार कार्य में 5 से 6 दिन लगने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम को खूंटाघाट बांध से बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जैसे ही पानी छोड़ा गया वैसे ही अधिक फोर्स के कारण ट्रीटमेंट प्लांट का वाल चैंबर फट गया। इसके चलते वहां पानी का बड़ा फव्वारा उठने लगा। हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहने लगा। इसके बाद नगर निगम और अमृत मिशन की टीम ने मौके पर पहुंच कर वाल को बंद किया। इसके बाद आनन फानन में सभी पंप ऑपरेटरों को पुरानी व्यवस्था के तहत टंकियों को भरकर जलापूर्ति करने संदेश भेजा गया।



संजय नगर तालापारा में पानी के लिए जद्दोजहद करतीं महिलाएं व बच्चे।

### पहले भी सामने आ चुकी है समस्या

निगम ने फिर से सभी टंकियों को बोर से भरकर सभी को अपने अपने क्षेत्र में जलापूर्ति करने कहा है। गौरतलब है कि इसके पहले भी अमृत मिशन के पाइप लाइन के पानी के फोर्स से उखड़ने के कारण शनिचरी में जलभराव की स्थिति निर्मित हुई थी। इससे पहले 23 नवंबर को नहर रिपेयरिंग के कारण 19 दिनों तक पानी की सप्लाई बंद रही थी। अब 20 दिन बाद वाल्व खराब होने से टंकियों में पानी नहीं भर पाएगा, जिससे साल के पहले दिन ही लोगों को नहाने और पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी अनुपम तिवारी का कहना है कि वार्डों के 40 पंप चालू किए जाएंगे और टैंकरों से पानी पहुंचाया जाएगा। टैंकर चालकों की छुट्टी रद्द कर दी गई है और सभी को सुबह से ड्यूटी पर आने का निर्देश दिया गया है। त्रिवेणी टंकी की क्षमता 21 लाख लीटर है। यह टंकी तालापारा, मगरपारा, कुम्हारपारा, फकीर मोहल्ला और यादव मोहल्ला से जुड़ी है। इस क्षेत्र में 5 किमी पाइपलाइन है और टंकी से पानी छोड़ने पर करीब 7 लाख लीटर पानी पाइपलाइन में ही भर जाता है।



### डब्ल्यूटीपी में यह खराबी आई है

नल जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी ने बताया कि खूंटाघाट बांध से सप्लाई सामान्य रूप से हो रही है, लेकिन बांध से आने वाले पानी को ट्रीटमेंट के लिए जिस फिल्टर प्लांट में भेजा जाता है, उसके पहले वह सेटलर टैंक में जाता है। इसी टैंक का वाल्व चैंबर खराब हो गया है, जिसके कारण पानी फिल्टर प्लांट में नहीं पहुंच पा रहा है। जब तक यह खराबी दूर नहीं हो पाएगी, तब तक पानी की सफाई नहीं हो पाएगी और सप्लाई प्रभावित रहेगी। प्रभावित वार्डों में लोगों को टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यापार विहार को छोड़कर शेष पानी की टंकियों से पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ट्यूबवेल के जरिए पानी भरकर आपूर्ति सुचारू रखी जाएगी।

### सुधार में लग सकता है एक सप्ताह

अधिकारियों ने बताया कि सेटलर टैंक के वाल्व में खराबी को ठीक करने के लिए पहले कांक्रीट तोड़कर नया वाल्व लगाना होगा। इसके बाद फिर से कांक्रीट करनी पड़ेगी। इस पूरी प्रक्रिया में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। इस दौरान पानी की सप्लाई ठीक से नहीं हो पाएगी। ज्ञात हो कि अमृत मिशन की सप्लाई शुरू होने के बाद ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई बंद कर दी गई थी, लेकिन दो महीने में यह दूसरा मौका है जब शहरवासी ट्यूबवेल पर निर्भर होंगे। ट्यूबवेल से सभी वार्डों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। ऐसे में नए साल में कम पानी और लो प्रेशर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### 3-4 दिन लगेंगे सुधार में

बिरकोना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वाल चैंबर फटने के कारण अमृत मिशन योजना का पानी सप्लाई फिलहाल प्रभावित हुआ है। सभी पंप ऑपरेटरों को मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक पहले की तरह टंकियों को पंपों से भरकर अपने अपने क्षेत्र में जलापूर्ति कराने कहा गया है। सुधार कार्य जारी है जिसमें 3-4 दिन समय लग सकता है।

**- अनुपम तिवारी**, जल शाखा प्रभारी

# अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों पर चाकू से हमला



अस्पताल में भर्ती युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कड़ी सुरक्षा के बाद भी 31 दिसंबर की रात अलग अलग घटनाओं में पांच लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 27 खोली हनुमान मंदिर निवासी ओमप्रकाश धोबी पिता स्व. साधराम धोबी 31 दिसंबर की रात अपने घर लौट रहे थे। रात 3.40 बजे जाय रेसीडेंसी के सामने दिलीप सूर्यवंशी मिला और बीड़ी मांगने पर गाली गलौज करने लगा। गाली से मना करने पर हाथ झापड़ से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे हाथ में चोट आई है। दूसरी घटना में सिरगिट्टी नयापारा निवासी अमित मरावी पिता जगदीश मरावी 31 दिसंबर की रात 9 बजे खाना खाने के बाद घर के सामने घूम रहे थे। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर रोहन मण्डावी उर्फ कादर ने गाली गलौज कर चाकू से कमर के नीचे हमला कर दिया है। तीसरी घटना में सिरगिट्टी निवासी सूरेश यादव पिता मुन्ना यादव ने बताया, 31 दिसंबर की रात 12 बजे मोहल्ले के दो युवक उसे गांजा पीने के लिए घर से बुलाए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी दौरान बोदन्नी नामक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। चौथी घटना में तोरवा निवासी अजीत विश्वास पिता अरविंद विश्वास ने बताया, 31 दिसंबर की रात घर के पास नए साल के स्वागत में पटाखा फोड़ रहे थे। गली में गांजा बलराज ध्रुव को गांजा बेचने से मना किया तो बलराज ध्रुव व उसके भाई बलबीर ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पांचवीं घटना में सरकण्डा बहतराई निवासी राघवेन्द्र प्रताप सिंह पिता राधेश्याम सिंह 31 दिसंबर की 7.20 बजे प्रिंस साहू उसका भाई शुभम साहू उनकी दुकान के पास आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू व ईंट से हमला कर दिया है। पुलिस ने पांचों मामले में हमलावरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# जिले में 18 हजार बीपीएल कार्डधारी संदेह के दायरे में

**बिलासपुर**। जिले में 18 हजार से भी ज्यादा बीपीएल श्रेणी के राशन कार्डों पर निरस्तीकरण की तलवार लटक सकती है। खाद्य विभाग द्वारा संबंधित राशन दुकानों को ऐसे हितग्राहियों की सूची भेजी गई है व माह के अंत तक इनसे शपथपत्र लेने को कहा गया है। निर्धारित समयावधि तक शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले हितग्राहियों के कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकेगी।

बीपीएल श्रेणी के 18 हजार 357 कार्ड धारियों पर राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की सकती है। इन कार्डधारियों में केवायसी नहीं कराने, सौ साल की उम्र होने के कारण राशन नहीं उठा पाने वाले, निष्क्रिय आधार संख्या वाले, छह माह से एक साल तक राशन का उठाव नहीं करने वाले, पांच एकड़ भूमि से अधिक का मालिकाना हक रखने वाले एवं सालाना छह लाख से अधिक की इंकम प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को इस श्रेणी में रखा गया है। खाद्य विभाग द्वारा इस श्रेणी के सारे हितग्राहियों की सूची संबंधित राशन दुकानों को भेजी गई है। इसके साथ ही निर्देशित किया गया है कि संबंधितों से 31 दिसंबर की स्थिति में शपथ प्रत्र प्राप्त कर लिया जाए। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकेगी। ज्ञात हो कि केंद्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा इस संबंध में बीते एक साल से राशन कार्डधारियों की क्रॉस चेकिंग की जा रही है, ताकि जांच में सही और जरूरतमंद कार्डधारियों का पता लगाया जा सके।

■ निरस्त किए जा सकेंगे कार्ड

### शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा

पात्रता रखने वाले कार्डधारियों को समयसीमा में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र प्रस्तुत करने या नहीं करने की स्थिति में अगली कार्रवाई हेतु सारे हितग्राहियों की जानकारी शासन को भेज दी जाएगी।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

# वेटनरी कालेज की सड़क पर खर्च होंगे 50 लाख, स्ट्रीट लाइट भी लगाने की तैयारी

**बिलासपुर**। कोनी स्थित वेटनरी कालेज जाने का मार्ग खस्ताहाल है। इसी साल से वेटनरी स्टूडेंट के लिए कालेज की पढ़ाई शुरू होने वाली है, ऐसे में कालेज प्रबंधन ने जल्द ही सड़क निर्माण की मंजूरी ले ली है। करीब 1 करोड़ 90 लाख खर्च कर सड़क, स्ट्रीट लाइट और डीन बंगला बनाया जाएगा। इसके टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, अधिकारियों के अनुसार जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि जल्द ही यहां प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्त होगी और प्राथमिक स्तर पर कालेज संचालित किया जाएगा। राज्य का दूसरा पशु चिकित्सा कालेज जल्द ही संचालित होगा। इसकी कवायद तेज हो चुकी है। कालेज में निर्माण कार्य खत्म होने के बाद सड़क और बिजली की व्यवस्था की जा रही है। खास बात यह है कि कालेज पहुंच मार्ग बेहद खस्ताहाल है, इसके निर्माण के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा 1.90 करोड़ का टेंडर किया गया है। सड़क निर्माण में 50 लाख खर्च होंगे, जिसमें 12 मीटर चौड़ाई और 900 मीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। यह मुख्य सड़क से जोड़ी जाएगी। साथ ही शोल्डर के तौर पर दोनों ओर 9 मीटर सड़क बनेगी। खास बात यह है कि कोनी स्थित 40 एकड़ जमीन पर 28 करोड़ की लागत से दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के तहत कालेज का निर्माण किया गया है। इस साल से वेटनरी कालेज में एडमिशन भी शुरू होगा।

■ जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों की होगी नियुक्ति

### हो चुका है टेंडर

करीब 1.90 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण कार्य होना है, टेंडर किया गया है, लेकिन अभी ठेकेदार नहीं आए है। सड़क, स्ट्रीट लाइट और एक रेसीडेंशियल बंगला भी बनाया जाना है।

**-के के मुखर्जी**, डीन, वेटनरी कालेज, कोनी

# जमीन विवाद में दमाद की हत्या पत्नी, ससुर, साले को कैद



**बिलासपुर**। कोर्ट ने जमीन विवाद में दमाद की हत्या करने वाले पत्नी, ससुर, साले को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

16 जुलाई 2022 को वेदपरसदा निवासी श्यामलाल साहू ने मस्तूरी थाने में उपस्थित होकर सूचना दी उनका दमाद खैरा निवासी संतोष साहू की छत से गिरकर उसकी मौत हो गई है। पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ संतोष साहू की धारदार हथियार से हत्या की गई है। मस्तूरी पुलिस ने जांच में पाया संतोष साहू अपनी पत्नी राजेश्वरी साहू पर चरित्रशंका करता था और विवाद करने पर वह अपने मायके वेदपरसदा में आकर रह रही थी। मृतक ने ससुरालवालों को उनकी जमीन को खरीदने के लिए 8 लाख रुपए दिया था। वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहता था तो वे घुमा देते थे। घटना के दिन मृतक को फोन कर रजिस्ट्री कराने की बात कहकर अपने घर बुलाए और उस पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने धारा 302, 34 के आरोपी पत्नी राजेश्वरी साहू, साला योगेश साहू, ससुर श्यामलाल साहू, दशोमती साहू को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। मामला विचाराधीन के दौरान सास दशोमती साहू की मृत्यु हो गई। 30 दिसंबर को दशम अपर सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी ने दोनों पक्ष की गवाही सुनने के बाद आरोपी राजेश्वरी साहू, योगेश साहू, श्यामलाल साहू को आजीवन कारावास व 10 - 10 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं पटाने पर अतिरिक्त 6 - 6 माह सजा काटना होगा। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक विजेन्द्र कुमार तिवारी ने पैरवी की है।

# दूसरी तहसीलों की रजिस्ट्री मुख्यालय में शासन को 46 लाख की अतिरिक्त कमाई

### दूसरी तहसीलों की रजिस्ट्री यहां होने पर 25 हजार अतिरिक्त भुगतान का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर से लगी विभिन्न तहसीलों की 184 जमीनों की रजिस्ट्री पक्षकारों के द्वारा जिला मुख्यालय में कराई गई है। ऐसे में पक्षकारों द्वारा शासन के नियमानुसार प्रत्येक रजिस्ट्री पर 25 हजार रूपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। इन सभी रजिस्ट्रियों से शासन को 46 लाख रूपए का अतिरिक्त लाभ प्राप्त हुआ है।

शासन के निर्देशानुसार जिस तहसील में भूमि स्थित है उसकी बिक्री के दौरान रजिस्ट्री भी उसी तहसील में की जानी है। ऐसा इसलिए ताकि जिला मुख्यालय में पक्षकारों की अनावश्यक भीड़ न हो, वहीं तहसील स्तर पर स्थापित रजिस्ट्री कार्यालयों को भी शासन से मिले टारगेट की पूर्ति करने में आसानी हो। शासन ने निर्देश में यह भी स्पष्ट किया है कि किसी कारणवश पक्षकारों द्वारा तहसील की रजिस्ट्री जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में की गई तो पक्षकारों को निर्धारित के अलावा 25 हजार शुल्क का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। जिले में जिला मुख्यालय में 6 दिसंबर 2024 से लेकर 3 दिसंबर 2025 तक 184 रजिस्ट्री ऐसी की गई है, जो तहसील में होनी थी, लेकिन मुख्यालय में की गई। इन रजिसट्रियों से शासन को 25 हजार प्रति रजिस्ट्री के हिसाब से 46 लाख रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। शासन द्वारा सभी रजिस्ट्री कार्यालयों को वार्षिक लक्ष्य प्रदान किया जाता है। ऐसे में संबंधित तहसील में रजिस्ट्री न कराकर जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में रजिस्ट्री करने से तहसील स्तर के कार्यालयों के राजस्व में कमी आ आती है। ज्यादातर पक्षकार शहर में ही निवास करते हैं, लेकिन शहर के आसपास अन्य तहसीलों में जमीन पसंद आने पर खरीदारी तो की जाती है, लेकिन रजिस्ट्री के लिए वे बाहर जाने से बचते हैं, बल्कि घर के करीब जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में ही रजिस्ट्री कराना चाहते हैं।

### शासन को हुई है राजस्व की प्राप्ति

पिछले एक वर्ष के भीतर ऐसी 184 जमीनों की रजिस्ट्रियां हुई हैं, जो अन्य तहसीलों में स्थित हैं। शासन के नियमों के अनुसार ऐसी प्रत्येक रजिस्ट्री के लिए 25 हजार शुल्क लिया गया है, जिससे शासन को निश्चित रूप से अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हुई है।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411